हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–247 : जौनपुर, शनिवार 08 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी में आज से लगी आचार संहिताः 10 मार्च को होगी मतगणना, 10 फरवरी को होगा पहले चरण का मतदान

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। प्रदेश में सात चरणों में मतदान होगा। 10 फरवरी को पहले चरण के लिए वोटिंग होगी। प्रदेश में 10 फरवरी को पहले, 14 फरवरी को दूसरे, 20 फरवरी को तीसरे, 23 फरवरी को चौथे, 27 फरवरी को पांचवे, 3 मार्च को छठे और 7 मार्च को सातवें चरण का मतदान होगा। 10 मार्च को मतगणना की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने तारीखों की घोषणा की है। चुनाव आयोग ने कोरोना संक्रमण के प्रभाव को देखते हुए रोड शो, साइकिल रैली और पदयात्रा पर रोक लगा दी है। आयोग ने राजनीतिक दलों से अपील की है कि वो ज्यादा से ज्यादा डिजिटल व वर्चुअल साधनों का ही प्रयोग करें। डोर टू डोर अभियान में अधिकतम पांच लोग ही शामिल हो सकेंगे। आयोग ने नेताओं से कोविड प्रोटोकाल का पालन। मुख्य चुनाव आयुक्त ने सुशील चंद्रा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी विधानसभा का कार्यकाल कुछ ही महीने में पूरा हो रहा है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए चुनाव की प्रक्रिया पूरी करवाना एक चुनौती है। ऐसे में हमने सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए चुनाव कराने का निर्णय लिया है। हमारी कोशिश है कि मतदाता अपनी सुविधा और पूरी सुरक्षा के साथ मतदान कर सकें। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों का रिकॉर्ड समाचार पत्रों व टीवी चौनलों पर प्रकाशित करना होगा साथ ही राजनीतिक दलों को भी उन्हें टिकट देने का कारण बताना होगा। चुनाव में एक उम्मीदवार प्रचार पर 40 लाख रुपये से अधिक नहीं खर्च कर सकेगा। प्रदेश में 403 सीटों पर मतदान होगा। इस बार प्रदेश में करीब 15 करोड़ मतदाता हैं। इसके लिए 5 जनवरी को मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। ये है सात चरणों की योजना– उत्तर प्रदेश का पहला चरण अधिसूचना 14 जनवरी, नामांकन की आखिरी तारीख 21 जनवरी, नामांकन की जांच 24 जनवरी, नाम वापसी 27 जनवरी, मतदान 10 फरवरी, उत्तर प्रदेश का दूसरा चरण और पंजाब, उत्तराखंड, गोवा का पहला चरण– अधिसूचना



21 जनवरी, नामांकन की आखिरी तारीख 28 जनवरी, नामांकन की जांच 29 जनवरी, नाम वापसी 31 जनवरी, मतदान 14 फरवरी, उत्तर प्रदेश का तीसरा चरण– अधिसूचना 25 जनवरी, नामांकन की आखिरी तारीख 1 फरवरी, नामांकन की जांच 2 फरवरी, नाम वापसी 4 फरवरी, मतदान 20 फरवरी, उत्तर प्रदेश का चौथा चरण, अधिसूचना 27 जनवरी, नामांकन की आखिरी तारीख 3 फरवरी, नामांकन की जांच 4 फरवरी, नाम वापसी 7 फरवरी, मतदान 23 फरवरी, उत्तर प्रदेश का पांचवां चरण और मणिपुर का पहला चरण– अधिसूचना 1 फरवरी, नामांकन की आखिरी तारीख 8 फरवरी, नामांकन की जांच 9 फरवरी, नाम वापसी 11 फरवरी, मतदान 27 फरवरी, उत्तर प्रदेश का छठा चरण और मणिपुर का दूसरा चरण, अधिसूचना 4 फरवरी, नामांकन की आखिरी तारीख 11 फरवरी, नामांकन की जांच 14 फरवरी, नाम वापसी 16 फरवरी, मतदान 3 मार्च, उत्तर प्रदेश का सातवां चरण, अधिसूचना 10 फरवरी, नामांकन की आखिरी तारीख 17 फरवरी, नामांकन की जांच 18 फरवरी, नाम वापसी 21 फरवरी, मतदान 7 मार्च, 10, 14, 20, 23, 27 फरवरी, 03 मार्च और 7 मार्च को मतदान, 10 मार्च को नतीजे घोषित होंगे।

## यूपी 112 के ऑपरेशन कमांडर ने दी तहरीर : पीएम, सीएम को धमकी देने के मामले में छह महीने बाद केस दर्ज


लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी देने के मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में छह महीने बाद मुकदमा दर्ज किया जा सका। यूपी 112 के ऑपरेशन कमांडर मनोज कुमार शुक्ला ने तहरीर में जिक्र किया था कि आठ जून 2021 को सोशल मीडिया डेस्क के व्हाट्सएप नंबर 8127912770 से एक वीडियो मिला। इसमें पीएम और सीएम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी के साथ धमकाया गया था। वीडियो मिलते ही यूपी 112 के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। तत्काल पुलिस के उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद उनके निर्देश पर तहरीर दी गई, लेकिन सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज करने में छह महीने लगा दिए गए। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी देवेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक मामले में बुधवार देर रात को जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की पड़ताल की जा रही है।

## अजीत सिंह हत्याकांड की विवेचना एसटीएफ को : आरोपी पूर्व सांसद के वीडियो ट्वीट होने के बाद आदेश

लखनऊ ब्यूरो : मऊ के मोहम्मदाबाद गोहना के पूर्व उप ज्येष्ठ प्रमुख अजीत सिंह की पिछले साल छह जनवरी को देर शाम 8.30 बजे कठौता चौराहे पर गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड की विवेचना एडीजी कानून–व्यवस्था प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को एसटीएफ को स्थानांतरित कर दी है। हाल ही में पूर्व सांसद धनंजय सिंह को लेकर एक वीडियो ट्वीट किया गया था, जिसमें वह एक क्रिकेट मैच के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। डीजीपी मुकुल गोयल ने इसकी जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद विवेचना एसटीएफ को स्थानांतरित की गई। हालांकि, पिछले साल अगस्त में हत्याकांड की विवेचना विभूतिखंड थाने से गाजीपुर पुलिस को दी गई थी। पूर्व ज्येष्ठ उप प्रमुख अजीत सिंह मऊ का हिस्ट्रीशीटर था। जिला बदर होने के बाद गोमतीनगर विस्तार इलाके के एक अपार्टमेंट में ठिकाना बनाया था। पिछले साल छह जनवरी को कठौता चौराहे पर एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से निकलते वक्त गोलियों से भूनकर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस दौरान उसका करीबी मोहर सिंह भी घायल हुआ था। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को भी गोली लगी थी, जबकि राहगीर आकाश भी घायल हुआ था। मोहर ने तहरीर देकर आजमगढ़ जेल में बंद अखंड सिंह व ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह पर सुपारी देकर गिरधारी विश्वकर्मा उर्फ डॉक्टर से हत्या कराने का आरोप लगाया था। गिरधारी पर शूटरों का इंतजाम करने का आरोप था। पुलिस ने पहली गिरफ्तारी अंबेडकरनगर के संदीप सिंह बाबा की की थी। संदीप ने ही पूरे हत्याकांड से परदा हटाया था। इसके बाद पुलिस ने अंकुर सिंह, मुस्तफा, प्रिंस, बंधन, राजेश तोमर और रेहान को गिरफ्तार किया था। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने दबोचा था मुख्य शूटर को। हत्याकांड के मुख्य शूटर गिरधारी को दिल्ली की क्राइम ब्रांच की टीम ने 11 जनवरी को दबोचा था। उसके पास अवैध पिस्तौल बरामद किया था। विभूतिखंड पुलिस उसे वारंट बी पर लखनऊ लाई और कस्टडी रिमांड ली। दूसरे दिन 14 फरवरी की रात को हत्या में इस्तेमाल असलहा बरामद कराने के दौरान गिरधारी ने पुलिस पर हमला कर भागने की कोशिश की। जवाबी फायरिंग में गिरधारी ढेर हो गया। पुलिस इस मामले में जेल में बंद आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी। पूर्व सांसद पर साजिश रचने का आरोप, 25 हजार का ईनाम। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में सामने आया कि हत्याकांड की साजिश जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने रची थी। इसके बाद पुलिस ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह के खिलाफ 20 फरवरी को सीजेएम कोर्ट से वारंट जारी किया गया। इसके बाद पूर्व सांसद ने छह मार्च को प्रयागराज के सिविल कोर्ट में चल रहे पुराने मामले की जमानत तुड़वाकर समर्पण कर दिया। कुछ दिन तक उसे नैनी जेल में रखा गया। इसके बाद फर्रुखाबाद भेज दिया गया था, जहां अप्रैल में जमानत मिल गई। इसके बाद से पूर्व सांसद फरार है। लखनऊ पुलिस की टीम लगातार तलाश में दबिश दे रही थी। पूर्व सांसद ने जिला पंचायत चुनाव में पत्नी श्रीकला सिंह को मैदान में उतारा और बाहुबल से जीत दिला दी। इसके पहले ही वारंट जारी होने के कुछ दिन बाद लखनऊ कमिश्नरेट ने धनंजय सिंह पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। 35 राउंड फायरिंग से दहल गई थी राजधानी। अजीत सिंह पर छह शूटरों ने ताबड़तोड़ 35 राउंड गोलियां बरसाई थीं। पोस्टमार्टम में अजीत को 22 गोलियां लगने की पुष्टि हुई थी। मोहर सिंह को दो गोलियां लगी थीं। वारदात कठौता चौकी के सामने चंद कदमों की दूरी पर हुई थी। शूटर कमता तिराहे के पास स्थित अवध बस स्टेशन पर अपनी बाइक छोड़कर कार से भाग निकले थे।

## अयोध्या रेंज के सुल्तानपुर जिले में सीओ जैसिंहपुर पद पर तैनात के के सरोज समेत 42 सीओ बने अपर पुलिस अधीक्षक

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) यूपी सरकार ने शुक्रवार रात को नौ डिप्टी एसपी (पुलिस उपाधीक्षक) और सात एएसपी (अपर पुलिस अधीक्षक) का तबादला कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के मद्देनजर कर दिया ।वहीं नई डीपीसी के बाद 42 सीओ को डिप्टी एसपी पद पर प्रोन्नत के आदेश जारी कर इन पुलिस अधिकारियों को नया साल का तोहफा दिया है ।जिसमे अयोध्या रेंज के सुल्तानपुर जिले में सीओ जैसिंहपुर में तैनात तेज तर्रार व अनुभवी पुलिस अधिकारी कृष्ण कांत सरोज भी शामिल है ।इस डीपीसी के बाद जल्द ही एएसपी पद पर एक बड़ी तबादला लिस्ट जारी हो सकती है ।सूत्र के मुताबिक पुलिस विभाग की तरफ से जारी तबादला लिस्ट में पुलिस उपाधीक्षक सीबीसीआईडी महेन्द्र पाल सिंह को पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अलीगढ़, पुलिस उपाधीक्षक पीटीसी मेरठ प्रीती सिंह को पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू मेरठ, पुलिस उपाधीक्षक एटा कमलेश त्रिवेदी को पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू बरेली, सहायक सेना नायक पीएसी वाराणसी अखिलेश राय को पुलिस उपाधीक्षक वाराणसी ग्रामीण, पुलिस उपाधीक्षक शामली अमित सक्सेना को सहायक सेना नायक पीएसी गाजियाबाद, पुलिस उपाधीक्षक गाजियाबाद बिजेन्द्र सिंह भड़ाना को पुलिस उपाधीक्षक शामली, पुलिस उपाधीक्षक सीबीसीआईडी विनोद कुमार शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक ललितपुर, पुलिस उपाधीक्षक पीटीसी सीतापुर विनोद कुमार द्विवेदी को पुलिस उपाधीक्षक हरदोई और पुलिस उपाधीक्षक प्रतापगढ़ संजीव कटियार को पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र के पद पर भेजा गया है ।दूसरी तरफ अपर पुलिस अधीक्षक पीटीएस, सुल्तानपुर लाल भरत कुमार पाल को अपर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा, गोरखनाथ मन्दिर, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस



महानिदेशक, लखनऊ अनिल कुमार झा को अपर पुलिस अधीक्षक ध स्टाफ आफिसर अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध गोरखपुर डॉ महेन्द्र पाल सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात, गोरखपुर बनाया गया है ।वहीं अपर पुलिस अधीक्षक यातायात गोरखपुर इंदु प्रभा सिंह को उनके स्थान पर भेजा गया है ।जबकि अपर पुलिस अधीक्षक अभिसूचना विनय चन्द्रा को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात, अलीगढ़ और अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र विजय शंकर मिश्रा को अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल, सोनभद्र के पद पर तैनाती दी गई है ।प्रदेश सरकार ने 42 डिप्टी एसपी को प्रोन्नत करके एएसपी बना दिया है। इसके अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें लखनऊ की एसीपी श्वेता श्रीवास्तव समेत 42 को श्रेष्ठा सूची के आधार पर प्रोन्नत किया गया है ।इसमें अमित किशोर श्रीवास्तव, नितेश सिंह, कालू सिंह, अल्का धर्मराज सिंह, चक्रपाणि त्रिपाठी, बृजेश कुमार सिंह, विजय शंकर मिश्र, पीयूष कुमार सिंह, आतिश कुमार सिंह, अनिल कुमार, अरुण कुमार सिंह, श्रीकांत प्रजापति, अल्का, प्रदीप कुमार वर्मा, अशोक कुमार सिंह, विभा सिंह, बबिता सिह, रचना मिश्र, मुकेश चन्द्र उत्तम, कृपा शंकर, कृष्णकांत सरोज, रंजन सिंह, महेन्द्र पाल सिंह, भीम कुमार गौतम, धरम सिंह मार्छाल, राजेश कुमार, प्रवीण कुमार यादव, दुर्गा प्रसाद तिवारी, ज्ञानवती तिवारी, अखिलेश सिंह, विजेन्द्र द्विवेदी, निशांक शर्मा, डा राकेश कुमार मिश्र, रुपेश सिंह, जितेन्द्र कुमार दुबे, राजीव सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, अल्का भटनागर, विशाल यादव, गीतांजलि सिंह, अमित नागर और अमिता सिंह का नाम शामिल हैं।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद बोले– मेरे और योगी के बीच मजबूत संबंध टूट नहीं सकते

लखनऊ ब्यूरो : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनके और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच बहुत ही मजबूत संबंध हैं, जो कभी टूट नहीं सकते। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 2022 में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। राजधानी लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में अगले 25 वर्षों तक के लिए खाका खींच रखा है, तब तक सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की दाल नहीं गलने वाली है। प्रदेश में सपा, बसपा व कांग्रेस की जमीन खिसक गई है। 2019 की तरह 2022 में भी बुआ–भतीजा एक हो जाएं तो भी अखिलेश की खुशियों का खाता खुलने वाला नहीं है। केशव ने कहा कि विकास में सबसे बड़े अवरोधक मुख्यमंत्री के रूप में यदि किसी का नाम लिया जाएगा तो वह अखिलेश का



होगा। सपा सरकार में प्रयागराज में कई चौराहों पर लुंगी छाप गुंडे सक्रिय रहते थे। उन चौराहों से बहन बेटियों का निकलना मुश्किल होता था। लेकिन अब वहां परिस्थितियां बदली हैं। बेटियां सुरक्षित हैं। जनता में विश्वास बना है कि भाजपा सरकार में ही प्रदेश का भविष्य सुरक्षित है।

## भ्रष्टाचार के आरोप में वाणिज्यकर विभाग के 14 अधिकारी निलंबित : 26 लाख की लगाई चपत

लखनऊ ब्यूरो : यूपी सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोप में वाणिज्यकर विभाग के 14 अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें एडिशनल कमिश्नर ग्रेड–1 व 2 के अलावा चार ज्वाइंट कमिश्नर, 4 असिस्टेंट कमिश्नर और 4 वाणिज्यकर अधिकारी शामिल हैं। ये सभी अधिकारी मुरादाबाद की विभिन्न इकाईयों में तैनात हैं। सभी पर अनियमित कार्य करने और कर चोरी को प्रोत्साहित करने का आरोप है। मामला जुलाई 2021 का है। मुरादाबाद में विभाग के सचल दल इकाइयों ने 26 व 27 जुलाई को माल लदे दो ट्रकों को जांच के नाम पर रोका था। ट्रकों पर लदे माल पर कर चोरी की पुष्टि होने के बाद भी संबंधित अफसरों ने कम अर्थदंड लगाते हुए वाहनों को छोड़ दिया था। विभागीय जांच में सामने आया कि एक वाहन से 10,97,705 रुपये व दूसरे से 15,37,121 रुपये कम की वसूली की गई थी। सरकार को 26 लाख की लगाई चपत। वाणिज्यकर विभाग के निलंबित अधिकारियों की करतूत के चलते विभाग को 26 लाख 34 हजार 826 रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। वहीं, जोन में तैनात एडिशनल कमिश्नर के अलावा भी अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा भी इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं लेने की वजह से उन पर भी गाज गिरी है। इन अधिकारियों को किया गया निलंबित – अरविंद कुमार–1, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड–1– अवधेश कुमार सिंह, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड–2 – अनिल कुमार राम त्रिपाठी, जाइंट कमिश्नर एसआईबी संभाग ए – चन्द्र प्रकाश मिश्रा, जाइंट कमिश्नर, एसआईबी संभाग–बी – डॉ. श्याम सुंदर तिवारी, जाइंट कमिश्नर (कार्पोरेट) – अनूप कुमार प्रधान, जाइंट कमिश्नर (कार्यपालक) संभाग–बी – कुलदीप सिंह–प्रथम, असिस्टेंट कमि. सचल दल चतुर्थ ईकाई – सत्येन्द्र प्रताप, असिस्टेंट कमि. सचल दल पंचम ईकाई – राकेश उपाध्याय, असिस्टेंट कमि. सचल दल षष्टम ईकाई – देवेन्द्र कुमार प्रथम, असिस्टेंट कमि. सचल दल द्वितीय ईकाई – नवीन कुमार, वाणिज्यकर कर अधिकारी एसआईबी संभाग–ए – विजय कुमार सक्सेना, वाणिज्यकर अधिरकारी सचल दल चतुर्थ इकाई – आशीष माहेश्वरी, वाणिज्यकर अधिरकारी सचल दल प्रथम इकाई – हरित कुमार, वाणिज्यकर अधिरकारी सचल दल पंचम इकाई।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## ग्राम सभाओं में विकास कार्यों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण करते हुए कराएं– डीएम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में परफॉर्मेंस ग्रांड की समीक्षा बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में चल रहे विकास कार्यों को अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यों को गुणवत्ता युक्त कराएं अधिसूचना जारी हो जाने के बाद भी जिन ग्राम सभाओं के विकास हेतु चल रहे हैं कार उन कार्यों को कराया जाएगा कोई नए कार्यों को अधिसूचना जारी होने के बाद नहीं कराया जाएगा इसके लिए संबंधित अधिकारीगण पूरा ख्याल रखेंगे जिस ग्राम सभा में कार्य चल रहा उससे संबंधित अधिकारी से विस्तार पूर्वक जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया की ग्राम सभाओं का विकास होगा तभी जनपद उन्नति के पथ पर चलेगा ग्राम सभाओं के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की संबंधित अधिकारी द्वारा कोताही ना बरता जाये अपने अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें बैठक में सीडीओ इंद्रजीत सिंह डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## हल्की बुदा बादी से बढ़ी गलन, किसानों की बढ़ी बेचैनी

गोरखपुर गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गोंड़ : मौसम का बदला मिजाज व हल्की फुल्की बुदा बादी से गलन बढ़ जाने के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बृहस्पतिवार को कुछ समय के लिए निकाली धूप ने लोगों को राहत दिलाई लेकिन शाम होते ही गलन बढ़ी और कड़ाके की ठंड ने लोगों को फिर बिस्तर पर दुबकने को मजबूर कर दिया ।सूर्यदेव के लुकाछिपी के कारण कड़ाके की गलन भरी ठंडक में लोगो को केवल अलाव का मात्र सहारा मिला। बीते कई दिनों से ठण्डक का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है ।वही हल्की पछुआ हवाओं के कारण लोगों का जनजीवन पर असर पड़ा है ।इस ठिठुरन भरी ठंड में जहां तहां अलाव की ब्यवस्था देखकर लोग अलाव से अपनी ठण्ड को दूर कर रहे है ।इस कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखने से यह महसूस हो रहा है कि इंसान तो इंसान पशु पक्षी आदि इस कड़ाके की ठंड में बेहाल पड़े हैं। गोला नगर पंचायत कार्यालय के तरफ से अलाव की ब्यवस्था दी गयी है ।गोला के बेवरी चौराहे सहित उपनगर में विभिन्न स्थानों पर इस ठिठुरन को दूर करने के लिए जला अलाव लोगो का सहारा बना दिख रही है ।अलाव देख लोग आग की तरफ मजबूर होकर दौड़ रहे है ।फुटपाथ पर छोटे–मोटे धंधे करने वाले ठेले वाले फल वाले खोमचे वाले सब्जी वाले कड़ाके की ठंड में किसी तरह गुजारा करने पर मजबूर है।

## एडीएम प्रशासन कोर्ट से दस अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विधानसभा 2022 चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस लिया विभिन्न थाना अंतर्गत है दस शातिर को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया जिससे आगामी विधानसभा 2022 चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना थानाध्यक्षों द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के संतृप्ति पर एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता के कोर्ट से सात अभियुक्तों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया। एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने बताया कि आगामी 2022 विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपराधी किस्म के व्यक्तियों के ऊपर 107 ,116 की कार्यवाही करने की प्रक्रिया जारी है जिला बदर होने वालो में प्रमुख रूप से गिरजेश यादव पुत्र रामबचन यादव निवासी मलाव थाना बेलीपार सतीश यादव पुत्र फतीगन निवासी गोबडोर थाना झंगहा श्रवण पुत्र फूलचंद दाढ़ी निवासी जोगिया उर्फ खजुरही थाना सहजनवा साधु उर्फ सुदामा पुत्र सीताराम यादव निवासी श्रीरामपुर थाना गगहा रामनक्षत्र यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी टेलहनापार थाना चौरीचौरा रामकेश पुत्र देवानंद निवासी जंगल अव्वल थाना हरपुर बुदहट दिलीप चौधरी उर्फ गोफा पुत्र बाबूराम निवासी बेलवा बाबू थाना चौरीचौरा अमरजीत पुत्र बक्का यादव निवासी सीधेगौर थाना बड़हलगंज शिव कुमार दाढ़ी पुत्र राम हरि निवासी छितौना बुजुर्ग थाना उरुवा बाजार जयकुमार पुत्र बाबूलाल निवासी मझगावा थाना गगहा को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया। इनके अलावा और अपराधी किस्म के अभियुक्तों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है।

## सीआरओ शमशाद हुसैन को मिली प्रोन्नति : जताई खुशी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : 2009 बैच के पीसीएस अफसर जिले में अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व के पद पर कार्यरत शमशाद हुसैन को राज्यपाल की संस्तुति पर शासन ने पदोन्नति प्रदान की। यह आदेश शासन की तरफ से हुआ जारी। जिले के अफसरों ने सीआरओ को दी बधाई। सीआरओ अपने बेहतरीन कार्यशैली के लिए है जाने जाते। उनके कार्यशैली की लोगो ने की सराहना।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

लोगों की निंदा से परेशान होकर, अपना रास्ता ना बदलना क्यूंकि सफलता शर्म से नहीं, साहस से मिलती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# "जीवन की सफलता और हमारा सबसे बड़ा धन"

इस पृथ्वी पर रहने वाला प्रत्येक प्राणी खुशियां, सम्मान एवं सफलता का स्वाद आवश्यक चखना चाहता है, इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे लगता है कि सफलता अर्जित करना बहुत कठिन कार्य भी नहीं है। जैसा कि मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि जो व्यक्ति असफल है वह यदि अपना स्वयं विश्लेषण करेंगे तो उन्हें अवश्य अपनी कमियां और अपनी असफलता का कारण एवं अपने द्वारा की गई गलतियों का आभास हो जाएगा। अब प्रश्न यह है कि सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ना इतना मुश्किल नहीं है, किंतु फिर भी अधिकतर लोग असफल और दुःखी क्यों हैं?? हमेशा से कुछ लोगों का दृष्टिकोण रहा है कि यदि हमारे भाग्य में सफलता होगी तभी मिलेगी अन्यथा नहीं मिलेगी, गांव की भाषा में ( जोन किस्मत में होई ऊ मिलबै करी ओका केव ना रोक पाई) इस संकुचित सोच के कारण हम अपना संपूर्ण जीवन और समय व्यर्थ में गंवा देते हैं और भाग्य के भरोसे ऐसे बैठ जाते हैं जैसे कि भाग्य ही हमें सारी चीजें लाकर देगा, हमें कुछ नहीं करना है। वास्तव में केवल और केवल भाग्य (किस्मत) के भरोसे रहना हमारे आलसीपन और कर्महीन को दर्शाता है। इस प्रकार की मानसिकता से जीवन जीने वाला व्यक्ति कभी भी सफलता नहीं प्राप्त कर सकता है।

यहां सफलता प्राप्त करना उन लोगों के लिए बहुत सहज कार्य है जो लोग कर्मयोगी हैं और जिनको अपने कर्म, परिश्रम एवं पुरुषार्थ पर भरोसा होता है उनके लिए सफलता प्राप्त करना सरल कार्य होता है। यह संसार सभी प्रकार के सुखों से परिपूर्ण हैं किंतु वही लोग इन सुखों का आनंद लेते हैं जो सदैव कर्म के पथ पर डटे रहते हैं और एक चट्टान की तरह अडिग हैं। हमारी सफलता और असफलता के बीच कर्मरूपी एक राजमार्ग है, जिसके दो रास्ते हैं– एक तो जो लोग इस राजमार्ग में आने वाली कठिनाइयों को अपने परिश्रम और कर्मठता से सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। और दूसरा मार्ग वे बनाते हैं जो लोग कर्म करने से भागते हैं तथा अपने असफलता को छिपाते (बहानेबाजी करते) हुए जीवन भर अपने भाग्य को दोष देते रहते हैं और आलसी बनकर पूरी तरह भाग्य पर निर्भर हो जाते हैं, ऐसे आलसी और निष्क्रिय लोगों को कभी भी सफलता प्राप्त नहीं होती है।

हमें जीवन के सुख– साधन और सफलता प्राप्त करने के लिए सदैव किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना पूरे जज्बे के साथ करते हुए निरंतर अपने कर्मपथ पर अग्रसर होकर पूरी ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा से प्रभु का ध्यान करते हुए निडरता और साहस के साथ आगे बढ़ते रहना होगा, वह दिन जरूर आएगा कि आप सफलता की बुलंदियों को छुएंगे। उस समय सफलता आपकी दासी होगी और आप उसके स्वामी।

दूसरी बात हमें यह समझना है कि हमारा सबसे बड़ा धन क्या होता है? वास्तव में देखा जाए तो संसार में ईश्वर की कृपा से जिस –जिस को यहां निरोगी काया अर्थात स्वस्थ शरीर प्राप्त हुआ है वे सभी व्यक्ति धनवान एवं समृद्ध लोगों की श्रेणी में आते हैं। क्योंकि यदि हम चाहे तो इस शरीर को साध्य बनाकर असाध्य को भी साध सकते हैं। कई सारे धार्मिक ग्रंथों एवं विद्वानों का स्पष्ट मत है कि संसार में व्यक्ति का सबसे बड़ा धन निरोगी काया (स्वस्थ शरीर) है।

यदि हमारे हाथ– पैर ठीक हैं ,हमारा शरीर स्वस्थ है तो हमसे बड़ा धनी और कौन हो सकता है? हमारा शरीर ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, इसके सद्पयोग से हम कुछ भी प्राप्त कर सकते हैं। यदि हम शारीरिक रूप से कमजोर भी है तो बुद्धि– विवेक से भी कार्य कर सकते हैं। हर व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य पहचानकर कार्य करते हुए आगे बढ़ना चाहिए, हमारा स्वस्थ शरीर ही हमारा सामर्थ्य है और इसी के बल पर ही हम कठिन– से– कठिन परिश्रम करके सफलता प्राप्त कर सकते हैं। हमें सदैव स्वयं पर विश्वास करते हुए सकारात्मकता के साथ निरंतर कार्य करते रहना चाहिए क्योंकि लगातार अभ्यास से ही सफलता जैसे सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। किंतु रही बात दरिद्रता की तो किसी के पास धन ना होना दरिद्रता नहीं है, बल्कि दरिद्र तो वास्तव में वे लोग होते हैं जो पाने के बाद भी कभी संतुष्ट नहीं हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

(सुरेंद्र शर्मा) उत्तर प्रदेश शासन।

## ब्लाक प्रमुख ने बदलू खेड़ा में इंटरलॉकिंग कार्य का किया लोकार्पण

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए विकास कार्यों में कनकहा ग्राम सभा की बदलू खेड़ा में इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण



किया गया। साथ में पूर्व विधायक का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र, सदस्य क्षेत्र पंचायत मोनू साहू, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख विनोद साहू, राजेश पांडे , दीपक यादव, अविनाश तिवारी, घंटी भैया और गांव के सभी लोग बहुत ही उत्साहित रहे और ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ईरीगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज एसोसिएशन के कर्मचारियों का समायोजन को लेकर धरना जारी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ईरीगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज एसोसिएशन द्वारा भयावह सर्दी व बरसात के बावजूद आज धरना का एक माह दो दिन हो गए हैं , इतनी घोर ठण्ड और वारिश के बावजूद धरना जारी रहा साथ ही है , प्रान्तीय महामंत्री सुरेश त्रिपाठी ने बताया कि हमारा अनिश्चितकालीन धरना जारी है और अब आर पार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है और अब विभागाध्यक्ष हम सब को करो या मरो का निर्णय लेने के लिए मजबूर कर रहे हैं , जिस प्रकार से आश्वासन पर आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन समायोजन के संदर्भ में कोई आदेश नही आ रहा है शर्मनाक विषय है और हम जल्द ही इस विषय को लेकर यदि आवश्यकता पडी तो कर्मचारियों के हित में हर संभव कदम उठाने को तैयार है लेकिन समायोजन की मांग जब तक पूर्ण नही होगी हमारा धरना, प्रदर्शन, घेराव हर सम्भव कदम उठाने को कर्मचारी विवश है इन गरीब कर्मियों के समायोजन पुनर्स्थापन के लिए हम आवश्यकता पड़ी तो मरने को भी तैयार है जिसकी जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष बी.के.निरंजन महोदय की होगी , और यदि हमारा समायोजन कर देते है तो हमें इस बात पर भी गर्व होगा कि हम गरीबों को न्याय दिलाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों ने हमारा साथ दिया नही तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह



का सहयोग हमें प्राप्त है हम आर पार की लड़ाई लड़ेगे परिणाम कुछ भी हो किसान मजदूर अब एक मंच पर आ चुके हैं विधिवत लड़ेगे और इतिहास रचकर दिखायेंगे , अब हम सब करो या मरो की स्थिति लाने के निर्णय लेने के लिए विभागाध्यक्ष वी के निरंजन मजबूर कर रहे हैं , विभागाध्यक्ष के मुख से यह कहना कि हमारे बस की कोई बात नहीं है , यह सिद्ध करता है , कि ये गरीब कर्मियों के शोषण करने के आदी हो गए हैं , जो कि बहुत ही निंदनीय है , इस अवसर पर मुख्य रूप से , भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह , सरदार दिलराज सिंह , नगर अध्यक्ष फहीम सिद्दीकी वरिष्ठ किसान नेता राजकुमार यादव , व किसान नेता राम सागर पासी , व ईरीगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज यूनियन के प्रान्तीय महामंत्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, ओमप्रकाश मिश्र व गणेश सक्सेना , रविन्द्र सिंह पूनम सक्सेना , लालता प्रसाद , रवीन्द्र कुमार जायसवाल आदि बहुत सारे कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

## नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैंप आयोजित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ व्यापारी एसोसिएशन द्वारा कोरोना से बचाव हेतु लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है इस क्रम में दिनांक 7 जनवरी 2022 को आई डी आर केयर आई हॉस्पिटल डॉ श्यामल आनन्द द्वारा सुख कॉम्प्लेक्स इंदिरा नगर लखनऊ में निशुल्क वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया गया इस कैंप में 15 से 18 साल के बच्चों का भी निशुल्क वैक्सीनेशन किया गया लखनऊ व्यापारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा द्वारा बताया गया कि अब संगठन द्वारा 15 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों के लिए भी नि:शुल्क टीकाकरण आयोजित किया जाता रहेगा इस अवसर पर पी.एन. बी.बैंक के स. मैनेजर वीरेंद्र कश्यप ने कैम्प में बैंक के विभिन्न प्रकार के ऋण के संबंध में जानकारियाँ दी



इस अवसर पर संगठन के महासचिव विकास मिश्रा कार्यालय मंत्री जेपी श्रीवास्तव प्रदेश संगठन मंत्री अशोक यादव प्रदेश सचिव रत्नाकर मिश्रा ,इन्दिरा नगर अध्यक्ष देवेन्द्र श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष चित्रांशु राय नगर उपाध्यक्ष बंटी तिवारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार ने पिछड़ा समाज को शिक्षा और रोजगार के स्वर्णिम अवसर उपलब्ध कराए:पूर्व स्पीकर गुजरात

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सवायजपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने पाल व कुशवाहा समाज के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की। बैठक में जिला प्रवासी गुजरात विधानसभा के पूर्व स्पीकर रमन लाल वोहरा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछड़ा समाज को शिक्षा और रोजगार के स्वर्णिम अवसर उपलब्ध कराए। जिससे आज पिछड़ा समाज सभी वर्गों के साथ अगली पंक्ति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पिछड़े समाज के युवा आत्मसम्मान के साथ आत्मनिर्भर बन रहे है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रकाश पाल के कहा किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना, आवास, शौचालय आदि बिना किसी भेदभाव के दिए गए पूर्व की सरकारों में वर्ग एवं जाति विशेष के लिए योजनाएं चलाई जाती थी। सपा में पिछड़े वर्ग की एक जाति तथा मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति कायम रहने से अन्य पिछड़े वर्ग का बहुत नुकसान किया। पिछड़ा वर्ग इनके बहकावे में ना कर पूरी तरह भाजपा के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। भाजपा अपनी इसी ताकत की वजह से 300 प्लस सीटों के साथ भारी बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सवायजपुर विधायक मानवेंद्र सिंह ने कहा कि



पिछड़ा वर्ग अपने बच्चों का भविष्य सैफई परिवार के हाथों बन्धक नहीं बना सकता।सपा को चार बार अवसर मिला, हर बार पिछड़ो के हक पर डाका डाला गया। सिर्फ अपने नाते रिश्तेदारों के विकास किया। मोदी योगी सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सबको मिलता है। बसपा खत्म हो चुकी है। पिछड़ा वर्ग अब पूरी तरह जागरूक हो चुका है। प्रदेश में योगी सरकार द्वारा किसानों के बिजली के बिल आधे करे जाएंगे महत्वपूर्ण योजना है इसका सीधा लाभ सामान्य छोटे किसानों को होगा। पहले की सरकारें बिजली ही नहीं देती थी, भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव पूरे प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराई। जिसका नतीजा सबके सामने है। औद्योगिक विकास में जहा उत्तर प्रदेश पिछड़ गया था आज वहा देश के बड़े बड़े औद्योगिक घराने उद्योग लगा रहे है। विधानसभा प्रवासी विवेक पटेल, शैलेश उपाध्याय, अतुल सिंह सीताराम शास्त्री, राम सिंह कुशवाहा, रामस्वरूप कुशवाहा, देवेन्द्र कुशवाहा, देवब्रत कुशवाहा,राम पाल, कौशल किशोर पाल ,रामसागर पाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अजीत यादव हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की अर्जी खारिज

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : अजीत यादव हत्याकांड में पुलिस की विवेचना में क्लीन चिट पाये दो नामजद आरोपियों को तलब करने के लिए दी गई अभियोजन पक्ष की अर्जी को एडीजे अभिषेक सिन्हा ने खारिज कर दिया है। कोर्ट को आरोपियों को तलब करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले हैं। अदालत के आदेश से अभियोजन पक्ष को बड़ा झटका लगा है। दूसरी ओर आरोपियों को बड़ी राहत मिल गई है। मामला कूरेभार थाने के मझवारा गांव से जुड़ा है। मझवारा गांव निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला देवी यादव के भतीजे अजीत यादव की 16 दिसंबर 2016 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बीज बचाव में गांव के रमाशंकर सिंह उर्फ मोहन को भी गोली लगी थी। पुलिस ने रमाशंकर सिंह उर्फ मोहन की तहरीर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला देवी यादव, उनके भाई संतोष यादव निवासी सेमरातर–भैरोपुर, राजेन्द्र मिश्र निवासी मझौवा व रमाकांत मिश्र उर्फ डब्लू निवासी मायंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने विवेचना में नामजद आरोपियों राजेंद्र मिश्र व रमाकांत मिश्र उर्फ डब्लू के खिलाफ साक्ष्य नही मिलने पर उनका नाम निकालकर उन्हें क्लीन चिट दे दी थी। वादी मुकदमा रमाशंकर सिंह उर्फ मोहन की गवाही होने के बाद अभियोजन पक्ष ने नामजद राजेंद्र मिश्र एवं रमाकांत मिश्र उर्फ डब्लू को तलब करने के लिए अर्जी दी थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि आरोपियों को दुश्मनी के कारण फंसाया जा रहा है। एडीजे अभिषेक सिन्हा ने अभियोजन पक्ष की अर्जी को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। अदालत के आदेश से अभियोजन पक्ष को झटका लगा है। मामले में अगली सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

## चौपालों पर चर्चा है आम : चुनावी समरभूमि में स्थानीय मुद्दों का चक्रव्यूह

लखनऊ ब्यूरो : सबसे पहले बातें चुनावी समरभूमि की। कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन और हमीरपुर में विधानसभा की कुल 19 सीटें हैं। 2017 में इनमें से 16 सीटों पर भगवा परचम फहराया था। कानपुर नगर की आर्यनगर और सीसामऊ सीट पर सपा की साइकिल ने कमाल दिखाया था, तो कैंट सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। पर, आमजन से बातचीत में जो समीकरण सामने आते हैं, उससे साफ हो जाता है कि इस बार लहर जैसी कोई बात नहीं है। भाजपा को ज्यादातर जगहों पर सपा से टक्कर मिल रही है। तो कुछ जगहों पर बसपा और कांग्रेस मुकाबले को त्रिकोणीय बना रही हैं। गोविंदनगर, कल्याणपुर : चौपालों में यही चर्चा... इस बार जीतेगा कौन? कानपुर महानगर जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बतकही के कई अड्डे हैं। हम गोविंदनगर विधानसभा क्षेत्र के शास्त्रीनगर काली मठिया पहुंचे तो दुकान पर चाय की चुस्कियों संग गरमा–गरम सियासी चर्चाएं चल रही थीं। जैसे ही सवाल उछला कि इस बार कौन... मनोज अवस्थी चाय का कुल्हड़ टेबल पर रखते हुए बोल पड़े–वैसे तो इस क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा तो एशिया की सबसे बड़ी श्रमिक कॉलोनियों के मालिकाना हक का है। मगर, नाराजगी के बावजूद योगी की चर्चा खूब है। बात सुनते ही दिनेश कुरील बोल पड़े– सबसे बढ़िया राज तो मायावती का था। पर, अब तो सारे समीकरण बदले हुए दिख रहे हैं। सोहन सिंह नई दलीलों के साथ मैदान में कूद पड़े। वे बोले, देखो भइया अभी तो भाजपा का माहौल दिख रहा है। पर, एक–दो ब्राह्मण प्रत्याशी दूसरी तरफ से मैदान में आ गए तो भाजपा के लिए मुश्किल भी हो सकती है। कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र का चुनावी मिजाज जानने के लिए हम आवास विकास पहुंचे। यहां शन्नेश्वर मंदिर वाली रोड का मुद्दा छिड़ा हुआ था। मो. हारून सरकारों को कोस रहे थे। कह रह रहे थे, सबसे ज्यादा चलने वाली सड़क पर सबसे ज्यादा गड्ढे भाजपा और सपा के राज में हुए। पास खड़े शिवेंद्र सिंह भी चर्चा में कूद पड़े। उन्होंने कहा, जब मेट्रो चल गई तो सड़क बनने में कितनी देर लगेगी। वहां से थोड़ा आगे निकले तो लोग यही चर्चा कर रहे थे कि टक्कर तो भाजपा और सपा के बीच ही होगी। यहां मजदूरी के लिए खड़े लोग चुनावी चर्चा के बीच कह रहे थे कि अगर कोरोना बढ़ा तो वे बिना काम के हो जाएंगे। आर्यनगर, सीसामऊ : कहीं चेहरे की तलाश पर चर्चा, तो कहीं लोग गा रहे परेशानियों का राग आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र में हम पहुंचे तो यहां भी ज्यादातर लोगों की बातों में सपा–भाजपा में टक्कर की चर्चा थी। हालांकि, इससे भी ज्यादा गरमा–गरम बहस हो रही थी संभावित प्रत्याशियों को लेकर। सवाल उछला–आर्यनगर से भाजपा का चेहरा कौन होगा? किशोर बाजपेई बोले– मोदी। पास खड़े जगदेव प्रसाद ने हंसते हुए जवाबी हमला बोला–पिछली बार भी मोदी ही चेहरा थे, लेकिन क्या हुआ, सबको पता है। अपनी दुकान का शटर उठाते हुए बब्बू भाई बोले– जो व्यापारियों की सुनेगा, वही यहां पर राज करेगा। चेतना चौराहे पर पहुंचे तो वहां एक चाय की दुकान पर नए–पुराने नेताओं के साथ भाजपा और सपा के वोट प्रतिशत को लेकर बहस चल रही थी। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के चमनगंज से आगे हम बढ़े ही थे कि सफाई, ट्रैफिक समस्या को लेकर लोग तीखी बातचीत में उलझे दिखे। पान की दुकान पर खड़े शिवनाथ कह रहे थे, इहां सब सुधर जाएगा, लेकिन ई गंदगी नहीं जाएगी। जरा सी सड़क पर इधर–उधर हुए कि पीछे से कोई न कोई ठोक देता है। पास में खड़े खलील बोले– दिन भर कई–कई बार जाम में फंसकर ठंडी में भी पसीना निकल जाता है। यह सीट 2017 में सपा ने जीती थी। बहरहाल, लोगों की चर्चाओं में जो कुछ सामने आता है उसका लब्बोलुआब यही है कि यहां भी सपा–भाजपा में ही मुकाबला होने के आसार हैं। किदवईनगर, कैंट, महाराजपुर, बिठूर, घाटमपुर, बिल्हौरः भाजपा–सपा का ही ज्यादा शोर ब्राह्मण बहुल सीट किदवईनगर में चाहे कांग्रेस हो या सत्ताधारी पार्टी, टिकट के लिए हर जगह खींचतान मची हुई है। वहीं, कैंट विधानसभा में दावेदारों की भीड़ दोगुनी हो चुकी है। मुस्लिम बहुल इस सीट पर भाजपा से भी कई दावेदार मैदान में हैं। महाराजपुर हो, बिठूर हो, घाटमपुर हो या बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र, हर जगह लोगों की बातचीत में फिलहाल भाजपा–सपा ही नाम सबसे ज्यादा सुनाई दिया। अकबरपुर–रनिया, सिंकदरा, भोगनीपुर, रसूलाबादः कड़े मुकाबले की बन रही पृष्ठभूमि कानपुर देहात की रनिया विधानसभा क्षेत्र में हमें किसान कमलेश मिले। वे कहते हैं, सड़कें चौड़ी हुई हैं। आवागमन ठीक हुआ है, लेकिन जलनिकासी की दिक्कत खत्म नहीं हुई है। बारिश में हाल बेहाल हो जाता है। यहां के रायपुर गांव के सुधीर का कहना है कि शहर की तरह खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए यहां भी खेल के मैदान दुरुस्त किए जाने चाहिए। वे भाजपा और सपा में सीधा मुकाबला मानते हैं। सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के मुकेश बताते हैं कि अभी तक अमराहट पंप कैनाल का दूसरा चरण अधूरा है। इसकी वजह से बीहड़ पट्टी में सिंचाई की समस्या है। इसे लेकर किसान आवाज बुलंद करते रहे हैं। वहीं, केराजपुर गांव के मुबीन कहते हैं कि यमुना नदी पर चल रहा पुल निर्माण का काम काफी धीमा है। मुबीन व मुकेश का मानना है कि यहां भाजपा को सपा से कड़ी टक्कर मिलेगी। भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के राजीव बताते हैं कि अभी क्षेत्र में गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बदहाल हैं। मुख्य सड़क तक जाने में काफी दिक्कत होती है। लोगों में इसको लेकर नाराजगी है। रसूलाबाद विस क्षेत्र की अनीता कहती हैं, कई सड़कों का निर्माण जरूर हुआ, लेकिन छुइया नाला व नहरों के ध्वस्त पुल जल्द बनाए जाने की जरूरत है। कहिंजरी के आनंद बताते हैं कि इस क्षेत्र में हवाई पट्टी तो बन गई, लेकिन जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान रहते हैं। हालांकि, चुनाव में माहौल कैसा है,इस सवाल पर वे कहते हैं कि सपा कड़ी टक्कर देते दिख रही है। जालौन, कालपी, माधौगढ़, उरईः भाजपा–सपा–बसपा में दिख रहा मुकाबला सदर सीट आरक्षित और कोरी बहुल है। मुहम्मदाबाद क्षेत्र के एक टेंट हाउस की दुकान पर अलाव तापते मिले रिसालत बाबा कहते हैं कि भाजपा सरकार में काम तो हुए हैं, लेकिन मवेशियों के चलते फसल को हो रहे नुकसान से किसान परेशान हैं। पास में बैठे आकाश यादव ने कहा कि सरकार रोजगार के वादे को पूरा नहीं कर पाई। रोजगार देने वाली सरकार को ही हम चुनेंगे। ठाकुर व पिछड़े मतदाताओं की बहुलता वाली सीट कालपी में बसपा–भाजपा में सीधी टक्कर मानी जा रही है। माधौगढ़ सीट एससी और ठाकुर मतदाता बहुल है। यहां भाजपा व सपा में टक्कर मानी जा रही है। उरई सीट पर भाजपा का कब्जा है। यहां भी भाजपा को सपा और बसपा से चुनौती मिलती दिख रही है। हमीरपुर, हमीरपुर सदर और राठः किसानों और स्वास्थ्य के सवाल दिखाएंगे रंग हमीरपुर सदर व राठ सीट पर फिलहाल भाजपा व सपा के बीच मुख्य मुकाबला नजर आ रहा है। लोग कहते हैं कि अन्ना गोवंश से कुछ राहत तो मिली है। शहर से महज 8 किमी. दूर कारीमाटी गांव के रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक रामसजीवन सिंह कहते हैं, रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा है। वहीं, रामगोपाल सिंह कहते हैं कि बाढ़ से प्रभावित होने के बाद भी क्षतिपूर्ति नहीं मिली है। बबलू सिंह को लगता है कि शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र के मुख्य मुद्दे हैं, जिन पर सरकार ने कोई खास काम नहीं किया है। सुमेरपुर कस्बे के नेहा चौराहा के पास अलाव तापते मिले भोला सिंह कहते हैं कि सरकार की जनहित की योजनाओं का लाभ पार्टी को मिलेगा। फैक्टरी एरिया में काम करने वाले मेरठ निवासी प्रमोद कुमार ने कहा कि कृषि बिलों पर किसानों का आंदोलन भारी रहा। रोजगार को लेकर भी लोगों में बहुत सवाल हैं। इन सब पैमानों पर लोग सबको परख रहे हैं। नदेहरा निवासी ऑटो चालक भूरा साहू कहते हैं कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को लेकर लोगों में नाराजगी है। खासकर उनके काम–काज को लेकर लोगों में काफी सवाल हैं। पर, दूसरी तरफ कस्बा निवासी डॉ. नरेश शर्मा का कहना है कि सरकार ने कोरोना की लड़ाई बहुत अच्छे से लड़ी। महामारी से बचाव के लिए लोगों को मुफ्त में टीका लगवा रही है। योजनाओं का फायदा सबको मिल रहा है। लोगों की चर्चाओं में यह भी आता है कि जिले की दोनों विधानसभा सीट पर भाजपा को सपा, बसपा से कड़ी चुनौती मिल रही है। चुनावी चकल्लस : मैं ही हूं... दूसरा कोई नहीं चुनावी मौसम है। बेचारे नेताओं के लिए तो यही सावन है, यही भादो है। अंबर में सपनों का स्वयंवर रचा हुआ है। दिल में रह–रहकर हूक उठती है, काश! टिकट मिल जाए तो ये चुनावी सावन मनभावन हो जाए। यह सावन गया तो फिर...? पांच साल...! यह सोच–सोचकर ही नादान दिल बैठ जाता है। बस किसी तरह रंग जम जाए, इसलिए पार्टी दफ्तर में सब टेर लगा रहे हैं। गीत गा रहे हैं–मैं ही मैं हूं... दूसरा कोई नहीं। हर अंतरे में ऐसे जतन कर रहे हैं कि प्रतिद्वंद्वी की खटिया खड़ी और बिस्तर गोल हो जाए। बड़के नेता हैं कि ई सब सुन–सुनकर परेशान हो गए। कान ही पक गए। पता नहीं कौन मंतर दिया और गाना बंद करा दिया गया। सब कुछ लिखत–पढ़त में बायोडाटा में देने की व्यवस्था हो गई। पर, दावेदार कहां मानने वाले। उसमें भी लंबी–लंबी फेंक रहे हैं– मैं ही मैं हूं...। अपनी काबिलियत से ज्यादा दूसरे की खटिया खड़ी करने पर जोर मौजूदा विधायक जी से जनता बहुत नाराज है। यदि विधायक जी को टिकट दिया गया तो चाहे किसी नेता की सभा करा लीजिए पार्टी चुनाव नहीं जीत पाएगी। मुझसे ज्यादा जिताऊ और टिकाऊ दावेदार कोई नहीं है। पार्टी चाहे तो क्षेत्र में सर्वे करा ले। यदि 100 में से 80 लोग मेरा नाम नहीं लें तो कहना, मैं राजनीति छोड़ दूंगा। मैंने अभाविप से राजनीति की शुरुआत की। संघ की शाखा में भी गया। क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाने में हमारे जितना योगदान किसी दूसरे का नहीं है। प्रतिद्वंद्वी दावेदार ने हमेशा पार्टी का विरोध किया है। सरकार के खिलाफ बयानबाजी की है। यही नहीं, उसका माफिया से संबंध है। जन विश्वास यात्रा में पांच हजार समर्थकों के साथ स्वागत किया। मोदी–योगी जी की सभा में सौ बसों में कार्यकर्ता को लेकर पहुंचा था। एक बार मौका दे दीजिए, चुनाव हार गया तो फिर मुंह नहीं दिखाऊंगा। प्रतिद्वंद्वी दावेदार के खिलाफ थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। संघ में बात हो गई है, भाई साहब का पूरा आशीर्वाद है। जिले और पूरी क्षेत्रीय टीम मेरे साथ है। बस आप पैरवी कर देंगे तो टिकट पक्का हो जाएगा। रफी साहब ने सिखाया अंग्रेज अफसर को सबक बाराबंकी के मसौली के रहने वाले रफी अहमद किदवई किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तो थे ही कांग्रेस के बड़े नेता भी थे। रफी साहब बेहद ईमानदार एवं सरल राजनेता थे। वह 1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत गठित सरकार में मंत्री थे। डॉ. एम. हाशिम किदवई के संस्मरण से पता चलता है कि भारतीयों ने सरकार तो बना ली, लेकिन अंग्रेज अफसर उसको बहुत तवज्जो नहीं देना चाहते थे। मंत्रियों का सम्मान करने में भी उन्हें अपमान महसूस होता था। एक बार रफी साहब गोरखपुर गए। वहां के तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट जो एक अंग्रेज था, वह शिष्टाचार के तहत रेलवे स्टेशन नहीं आया। उसे शायद पुराने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का स्वागत करना अपनी शान के खिलाफ लगा होगा। रफी साहब वहां तो कुछ नहीं बोले, क्योंकि उस समय के कानून के मुताबिक वह उस अफसर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तो कर नहीं सकते थे। पर, लखनऊ लौटते ही उसका तबादला सचिवालय में अपने विभाग में करा दिया। अब उसे वह दिन में कई–कई बार बुलाते और अपने सामने खड़ा रखते। जब वह बहुत परेशान हो गया तो एक बड़े अफसर से रफी साहब से सिफारिश कराई। सिफारिश करने वाले अफसर से उन्होंने कहा, जनाब को बता दो, हम छेड़ते नहीं लेकिन छोड़ते भी नहीं।

# जघन्य हत्या में सम्मिलित अपराधियों को गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में जेल भेजे : प्रदीप जायसवाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थानांतर्गत खपरहा बाजार निवासी व्यापारी अखिलेश जायसवाल को विगत 30 दिसम्बर सुबह तड़के समय बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े अपरहण के बाद मारते मारते निर्मम हत्या कर शव पेट्रोल डालकर जलाने की जघन्य अपराध पर पूरे जनपद जौनपुर से लेकर प्रदेश के व्यापारियों में प्रदेश सरकार के लचर कानून व्यवस्था के प्रति गहरी नाराजगी हो गई है। इस घटना में मृतक के परिजनों से मुलाकात के लिए समाजवादी व्यापार सभा, उप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल प्रभारी व भारतीय वैश्य चेतना महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल खपरहा बाजार स्थित मृतक व्यापारी अखिलेश जायसवाल के आवास पर पहुंचा, वहां पर मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया और हर सम्भव मदद दिलाने का प्रदेश आश्वासन भी दिया। प्रदीप जायसवाल ने मीडिया को बताया कि पूरे प्रदेश में अपराधियों की सरकार चल रही है, व्यापारी समाज देश की अर्थ व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी होती है, किन्तु व्यापारियों की सम्मान और सुरक्षा की गारंटी नहीं है क्योंकि आए दिन उनके साथ प्रदेश में लूट, हत्या, अपरहण, गुंडा टैक्स की घटना हो रही है और अपराधी खुलेआम समाज में घूम रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने बताया कि मृतक के चाचा ओम प्रकाश गुप्ता (जायसवाल) से जानकारी हुई कि पूरी घटना में पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की घोर लापरवाही है, क्योंकि जमीन सम्बन्धी विवाद प्रकरण सिकरारा थाने को ज्ञात था और मृतक ने पूर्व में ही किसी अप्रिय घटना की आशंका भी थी अतः अपरहण के बाद व्यापारी अखिलेश जायसवाल की जान बच सकती थी, किन्तु समय पुलिस ने कोई कड़ा कदम नहीं उठाया, चाचा ने यह भी बताया कि अभी तक जिला प्रशासन का कोई उच्चाधिकारी परिजनों का हाल चाल भी अभी तक लेने नहीं आया और अमानवीयता की हद तो यह हो गई कि अभी तक जिला प्रशासन ने मृतक के शरीर का कोई भी अवशेष भी परिवार



वालों को नहीं दिया कि अंतिम संस्कार और क्रिया कर्म को शुरू कर पाएं और खपरहा बाजार में दहशत व्याप्त है और मृतक की पत्नी एवं बच्चे अपने नानी के गांव चले गए हैं। प्रदीप जायसवाल ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि तत्काल इस जघन्य हत्या में सम्मिलित अपराधियों को गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में जेल भेजे तथा मृतक के परिजनों को एक करोड़ सरकारी मुआवजा एवं परिवार में एक सरकारी नौकरी देने का कार्य करें अन्यथा समाजवादी पार्टी आन्दोलन के लिए बाध्य है। प्रदीप जायसवाल ने आगे भी कहा कि इस पूरी घटना की जानकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को दी जाएगी और जो भी यथा सम्भव मदद होगा उसे दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विवेक रंजन यादव, जिला उपाध्यक्ष श्रवण जायसवाल, समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संजीव साहू, जिला महासचिव सुनील यादव, प्रदेश सचिव विनोद साहू, सपा पूर्व महानगर अध्यक्ष पारस नाथ जायसवाल, भारतीय वैश्य चेतना महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द गांधी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश गांधी, विजय जायसवाल, बीजू विश्वकर्मा, संजय मिश्रा, संजय सेठ, अनुज जायसवाल, रितेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की विकास परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की रु0 642 करोड़ की 488 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण / शिलान्यास किया गया। जनपद में मा0 राज्यमंत्री आवास एवं शहरी नियोजन गिरीश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम एनआईसी परिसर सम्पन्न हुआ। उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, इकाई–3, वाराणसी की कार्यदायी संस्था द्वारा प्रति कार्य रु0 50 लाख की लागत से मा0 मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बदलापुर में स्थित गौरी शंकर धाम, चंदापुर का पर्यटन विकास, विधानसभा क्षेत्र सदर में माँ शीतला चौकिया मन्दिर परिसर का विस्तार एवं जीर्णोद्वार, विधानसभा क्षेत्र जफराबाद में ठा0 सल्तनत बहादुर सिंह व उनके पुत्र नेवढ़िया निवासी ठा० संग्राम सिंह के स्मारक को विकसित करने का कार्य, विधासभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर में गौरी शंकर धाम का पर्यटन विकास, विधानसभा केराकत में बाराह कोटि तीर्थ स्थल रामगढ़ मौढ़ैला का विस्तार एवं जीर्णोद्धार, विधानसभा क्षेत्र मल्हनी में विकास खण्ड–बक्शा ग्राम–मई में राउर बाबा मन्दिर एवं तालाब का पर्यटन विकास एवं विधानसभा क्षेत्र शाहगंज में विकास खण्ड–सुइथाकला तहसील–शाहगंज स्थित बुढ़िया माई स्थल का पर्यटन विकास में 49.32 लाख की लागत से सभी सातों कार्य को कुल 349.32 लाख की लागत है, का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही जनपद जौनपुर में राज्य योजना अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सदर में 675.27



लाख की लागत से जनपद जौनपुर के शाहीपुल के पास स्थित हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर, काली जी मंदिर, दुर्गाजी मंदिर एवं शिवजी मंदिर का पर्यटन विकास एवं 116.20 लाख की लागत से जनपद जौनपुर के शास्त्री पुल के पास स्थित शिवजी मंदिर एवं हनुमान मंदिर का पर्यटन विकास कुल लागत 791.47 लाख का शिलान्यास किया गया तथा विधानसभा जफराबाद के योगीबीर बाबा, रामेश्वर मंदिर राजेपुर एवं त्रिलोचन महादेव मंदिर का पर्यटन विकास रु0 88.68 लाख की लागत की योजनाओं का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, पर्यटन सूचना अधिकारी मीनाक्षी यादव, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 विनय वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक सेनानी सूर्यनाथ उपाध्याय की मनी 23वी पुण्यतिथि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के देहजुरी गोपालपुर स्थित श्री क्षेमकरण स्कूल में शनिवार को प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक सूर्यनाथ उपाध्याय की 23वी पुण्यतिथि मनी जहां सौ गरीबों को कम्बल वितरित किया गया ।आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में किये गये उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। अपने 3 बार के विधायक कार्यकाल में रारी, मड़ियाहूं के साथ वह जनपद के विकास के लिये प्रतिबद्ध रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य ईश्वरी मिश्रा ने कहा कि जन्मदाता व जन्मभूमि का कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता है लेकिन जन्मभूमि पर आमजन के लिये विकास कार्य करवाना बड़े सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर उनके पौत्र संजय उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, अविनाश उपाध्याय कान्हा,पिंकू उपाध्याय के साथ श्याम नारायण उपाध्याय, प्राचार्य



जनार्दन मिश्रा, संदीप मिश्रा, विशाल सिंह, शिवधारी यादव, नन्द कुमार यादव, राकेश मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में निःशुल्क वैक्सीनेशन शिविर सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। हरदोई रोड ,बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के निकट, आदर्श विहार में स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में निःशुल्क वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। कोविड–19 वैक्सीनेशन सेंटर का स्लोगन 'चलो वैक्सीन



लगवाएं' के तहत फ्री वैक्सीनेशन कैंप में 15 से 18 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया।सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में अधिकांश 15 से 18 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। इलाके के बच्चों ने भी वैक्सीन लगवाई। सभी बच्चे साथ में आधार कार्ड और मोबाइल लेकर आए और सबसे पहले रजिस्ट्रेशन कराया तत्पश्चात प्रथम डोज वैक्सीन लगवाई।

## सासद अनुप्रिया पटेल से सम्बन्धित जनपद जौनपुर में चल रही कोरोना पाजिटीव की खबर गलत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 06.01.2022 को इलेक्ट्रानिक मिडिया एवं प्रिंट मिडिया में मा० सासद अनुप्रिया पटेल से सम्बन्धित जनपद जौनपुर में चल रही कोरोना पाजिटीव की खबर की छानबीन जनपद जौनपुर में स्थापित आईडीएसपी सेल द्वारा की गयी तो ज्ञात हुआ कि जनपद के कोविड 19 पोर्टल पर मा० सांसद अनुप्रिया पटेल की कोई घनात्मक रिर्पोट प्राप्त नही हुयी है। सम्भवतः अन्य जनपद में उनकी कोई जाँच हुई हो तो उसकी सूचना जनपद जौनपुर को अभी तक प्राप्त नहीं है इसलिए उपरोक्त दोनो मिडिया में चल रही खबर को अफवाह माना जाय।

## थाना जफराबाद पुलिस ने हत्या की घटना का किया सफल अनावरण, महिला सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह मय हमराह हे0का0 सुरेश सिंह,हे0का0 राजेश



सिंह सेंगर,का0 सुशील कुमार व म0का0 बन्दना के मु0अ0सं0 05/2022 धारा 302/201 भादवि के प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. इन्द्रजीत निषाद पुत्र राजेश निषाद निवासी ग्राम समोपुर कला थाना जफराबाद जनपद जौनपुर 2. प्रिती यादव उर्फ प्रिया पुत्री श्री रामचन्दर यादव निवासी समोपुर कला थाना जफराबाद जौनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । घटना क्रम आशनाई में मृतक दीपक पुत्र गुलाब उर्फ मुन्नालाल यादव ग्राम समोपुर कला थाना जफराबाद जौनपुर के गमछे से ही उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा गला कस कर हत्या की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. इन्द्रजीत निषाद पुत्र राजेश निषाद निवासी ग्राम समोपुर कला थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 2. प्रिती यादव उर्फ प्रिया पुत्री श्री रामचन्दर यादव निवासी समोपुर कला थाना जफराबाद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम 1.प्र0नि0 योगेन्द्र सिंह थाना जफराबाद, जौनपुर। 2.हे0का0 राजेश सिंह 3.हे0का0 सुरेश सिंह 4.का0 सुशील कुमार 5.म0का0 बन्दना।

## " राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम " पर जागरूकता शिविर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम समन्वयक सलिल कुमार यादव ने कहां टी .वी .का संक्रमण बैक्टीरिया के कारण होता है यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है शरीर के किसी भी पार्ट में संक्रमण हो सकता है लेकिन ज्यादातर संभावनाएं फेफड़े में




टी .वी .होने का रहता है खांसने ,थूकने पर हवा के माध्यम से व्यक्तियों में संक्रमण फैलता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर साल 26 लाख टी .वी. के अपने यहां आदमी ग्रसित हो रहे हैं 4.825.7 लाख टी .वी .से मरने वालों की संख्या कोविड से भी ज्यादा है । एक टी .वी. का रोगी 10 से 15 व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। परिवार एवं स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 2025 तक टी.वी. मुक्त भारत बनाना है। टी.वी. कार्यक्रमों को हम जन आंदोलन के रूप में ले रहे हैं । यदि प्रारंभ में रोग पता चले तो सिर्फ 6 महीने में टी.वी. का पूर्ण उपचार संभव है सरकार मुफ्त में दवा दे रही है। हर टी.वी. पेशेंट का नोटिफिकेशन पोर्टल पर होना चाहिए ताकि हर मरीज चिन्हित हो सके। नवीन सिंह स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर ने कहा कि टी.वी. की जांच व इलाज सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है । टी.वी.के लक्षण 2 हफ्ते से ज्यादा खांसी आना , 2 हफ्ते से अधिक बुखार आना, बलगम कफ में खून आना , वजन कम होना, भूख का कम होना ,रात में पसीना आना यह प्रमुख लक्षण है। निश्चय पोषण योजना के बारे में भी जानकारी दी । डॉ सुधा सिंह डायरेक्टर जन शिक्षण संस्थान ने कहा कि टीवी के प्रति लोगों की सोच में भी बदलाव आया है। इसके प्रति जागरूक रहना भी समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने कहा 2021 से अब तक कुल 6432 छात्रों की खोजे गए हैं और उनका उपचार हो रहा है। संचालन करते हुए मध्यस्था अधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने कहा क्षय रोग में दवा का असर जानने के लिए होगी सीबीनाट और टूनाट से जांच की जाएगी। उक्त अवसर पर अरुण कुमार मौर्या ,रामबचन ,गिरीश कुमार श्रीवास्तव गिरीश, महेंद्र विश्वकर्मा , अनिल कुमार सिंह, अमरेश पांडेय ,सामाजिक कार्यकर्ता रमेश यादव ,फूलचंद भारती ,शीराज अहमद आसरा दी होप ,दिनेश सेठ ,दिलीप सेठ ,हिमांशु उपाध्याय, लोहू यादव इत्यादि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक संजय उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय / संस्था सचिव ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## टाटा मैजिक ने मारी टक्कर महिला घायल

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धानंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के शिकारपुर में सोशल स्टडी पॉइंट के सामने एक चाय की दुकान के मड़हा में अनियंत्रित मैजिक वाहन पलटी हो गई। जिसके चपेट



में आने से एक वृद्ध घायल हो गयीं। टाटा मैजिक वाहन शिकारपुर से गट्टा, चुरा, लडुआ, चिक्की, लाई आदि सामाग्री लेकर बैजारामपुर की तरफ लेकर जा रहा था,गाड़ी में ड्राइवर ने सामान लोड करके दुकान से कुछ ही दूर पर शिकारपुर नाले के ऊपर सोशल स्टडी सेंटर के सामने एक चाय के मड़हा में अनियंत्रित होकर के पलट गई। जिसके चपेट में आने से एक वृद्ध औरत राधा पत्नी लालधारी निवासी शिकारपुर घायल हो गई तत्पश्चात स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल निजी वाहन से भेजा। वहीं टाटा मैजिक के मालिक राधेश्याम पांडे ने बताया कि राधा को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है ।उसका उपचार किया जाएगा।

## राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव जी ने उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा नगर में घाटो के निर्माण कार्य की दो परियोजना का किया गया शिलान्यास


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आवास एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव जी ने उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा नगर में गोमती तट के पास मंदिर के सुंदरीकरण और घाटो के निर्माण कार्य की दो परियोजना का शिलान्यास किया । इन दोनों परियोजनाओं में लगभग 791 लाख ( 7.91 करोड़ ) रुपया खर्च होंगे जिस की प्रथम किस्त जारी कर दी गई थी पहली परियोजना नगर गोमती नदी के तट शाही पुल के पास हनुमान मंदिर राम जानकी मंदिर, काली जी का मंदिर, दुर्गा जी का मंदिर और शिव जी का मंदिर के पर्यटन विकास सुंदरीकरण एवं घाटों के निर्माण के लिए 675.27 लाख ( 6.75 करोड़ रु) एवं दूसरी परियोजना शास्त्री पुल के पास बलुआ घाट चकप्यार अली स्थित शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर के पर्यटन



विकास सौंदर्यीकरण एवं घाटों के निर्माण के लिए 116.20 लाख (1.16 करोड़ रु ) इन दोनों परियोजना का निर्माण कार्यदायी संस्था UPPCL द्वारा कराया जाएगा । राज्य मंत्री ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के तहत हनुमान घाट , बजरंग घाट पर पहले से ही काम चल रहा है और इस परियोजना स्वीकृत हो जाने के कारण गोमती नदी के दोनों किनारों पर सुंदरता बढ़ जाएगी पर्यटन की दृष्टि से भी जनपद वासियों को लाभ मिलेगा। शिलान्यास के समय प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष द्वय अमित श्रीवास्तव, विकाश शर्मा , अजय सिंह , मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव , डॉ ब्रह्मेश शुक्ला नंदलाल यादव सभासद , सुशील सिंह व रवि सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## विलुप्त हो रहे कुओं के भागीरथ बने चीनी मिल रूपापुर के जीएम प्रभात कुमार सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सनातन धर्म में कुएं का अधिक ही महत्व है। कई संस्कार ऐसे है जो कुएं के बिना पूरा नहीं होते। करीब दो दशक पूर्व तक पीने व सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण जल स्त्रोत के रूप में कुओं का समाज में सर्वोपरि स्थान था, पर समुदाय व प्रशासन के उदासीन रवैए से अब गांवों में कुओं का अस्तित्व समाप्त सा हो गया है। संस्कृति के गवाह कुओं के अस्तित्व को बचाने के लिए भागीरथ के प्रयास की जरूरत है। बताना मुनासिब होगा कि 20 वीं सदी के अंत तक गांव एवं खेतों में कुओं की मौजूदगी एक सुखद एहसास दिलाती थी। गांवों के कुएं जहां अपने शीतल जल से प्राणियों की प्यास बुझाते थे वही खेतों के कुआं सिचाई के काम आते थे। ये बरसात के पानी के संरक्षण के सर्वोत्तम साधन हुआ करते थे। धार्मिक संस्कारों में कुओं की पूजा आज भी होती है, पर संरक्षण के अभाव में इतिहास का विषय वस्तु बनते जा रहे इन कुओं को अब खोजना पड़ता है। इतना ही नहीं अग्नि कांड जैसी दैवीय आपदाओं के समय कुआं बड़े काम के साबित होते थे। समाज के प्रबुद्ध वर्ग, सरकारी तंत्र व सामुदायिक उपेक्षा से तमाम गांवों में कुएं या तो अतिक्रमण के शिकार है या तो पाट दिए गए है। तमाम उदाहरण ऐसे है जहां कुछ लोगों ने कुओं को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन के समक्ष शिकायती पत्र सौंपा सम्यक कार्रवाई न होने से वे आज तक उपेक्षित है। हालांकि वर्तमान परिवेश में कुएं का पानी पीने के लिए अपेक्षाकृत कम सुरक्षित है और सिचाई में भी ज्यादा श्रम लगता है बावजूद इसके कुओं के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। सवायजपुर कस्बे के निवासी व्यापारी कृष्णऔतार पाठक बताते हैं पहले कुओं की संख्या से ही गांव के समृद्धि का आंकलन कर लिया जाता था । चीनी मिल रूपापुर के महाप्रबंधक प्रभात कुमार सिंह का आभार व्यक्त करते हुऐ उन्होंने कहा अपना अस्तित्व खो चुके कुओं को पुनः जीवित करने के लिये उनका हमेशा ऋणी रहूंगा ।डीसीएम श्री



राम शुगर यूनिट रूपापुर के महाप्रबंधक प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि पहले कुओं का उतना ही महत्व था, जितना जीवन के लिए आक्सीजन की होती है। नई पीढ़ी ने इन्हें विस्मृत कर दिया है। जरूरत है कि प्रत्येक व्यक्ति भगीरथ बने और धरती पर मौजूद इस नायाब जल स्त्रोत का संरक्षण करें हमने अब तक 6 कुओं का पुनर्निर्माण कराया है सभी कुआं सवायजपुर तहसील क्षेत्र के विकास खंड भरखनी के गांव मानपारा में हैं चीनी मिल अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अन्तर्गत मुंडेर गांव में 1.5 किलोमीटर में 40 सोलर लाइटें लगाकर गांव को प्रकाशमय किया 17 विद्यालयों में शौचालय व हरपालपुर के ककरा गांव में 45 रुपए की लागत से जल संरक्षण के लिए एक चेक डेम बनवाया । व एक अन्य चेकडैम जल्द ही बनवाया जाएगा। माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू , विधायक सवायजपुर ने इस पहल पर खुशी जताते हुए कहा कि पहले खेतों व गावों में कुएं की उपस्थिति सुखद अहसास दिलाती थी पहले कुओं में अनेक झिरें होती थीं जिससे ठंडे और मीठे पानी से यह भरा रहता था। चीनी मिल रूपापुर ने 6 कुंआ फिर से पुनर्जीवित कर दिए जो प्रशंसनीय व पुनीत कार्य है।

## यूपी में 4228 नए मरीज लखनऊ में 577 मामले : विदेश–दूसरे राज्यों से आने वाले 23 प्रतिशत यात्री निकले पॉजिटिव

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में कोरोना मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को प्रदेश में 4228 नए मरीज सामने आए हैं। महाराजगंज में एक मरीज की मौत हुई है। इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या 12,327 पहुंच गई है। इनमें से 11,959 लोग होम आइसोलेशन में हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में बृहस्पतिवार को एक दिन में कुल 2,19,256 सैंपल की जांच की गई थी। विभिन्न जनपदों से आरटीपीसीआर जांच के लिए 1,20,344 सैंपल भेजे गए। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटों में 119 लोग कोविड–19 से ठीक हुए हैं। सबसे अधिक 721 मरीज गौतमबुद्धनगर में मिले हैं। वहीं गाजियाबाद में 607, लखनऊ में 577, मेरठ में 411, वाराणसी में224, आगरा में 169, मुरादाबाद में 157, प्रयागराज में 104, कानपुर नगर में 91 मरीज मिले हैं। सक्रिय केस की संख्या गौतमबुद्धनगर में 2404, गाजियाबाद में 1767 और लखनऊ में 1718 पहुंच गई है। वहीं श्रावस्ती, भदोही ही ऐसे जिले हैं, जहां शुक्रवार को कोई मरीज नहीं मिला। लखनऊ में कोरोना संक्रमितों की संख्या में हर दिन सौ से ज्यादा का इजाफा हो रहा है। लखनऊ में शुक्रवार को कोरोना संक्रमण के 577 नये मामले मिले। इनमें से 168 मरीज कांटेक्ट ट्रेसिंग में मिले हैं। इससे साफ है कि कोरोना वायरस लगातार संक्रामक होता जा रहा है। संक्रमण के इतने ज्यादा मामले पिछले साल 20 मई को मिले थे। नये संक्रमितों में 322 पुरूष और 215 महिलाएं शामिल हैं। संक्रमित होने वालों में 20 से 25 18 साल से कम उम्र के बच्चे भी शामिल हैं। इसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले कांटेक्ट ट्रेसिंग में मिल रहे हैं, इसलिए हर संक्रमित के संपर्क में आने वाले लोग अपनी कोरोना जांच जरूर कराएं। सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि सबसे ज्यादा 168 संक्रमित कांटेक्ट ट्रेसिंग में मिले हैं। 114 लोगों में संक्रमण के मामूली लक्षण हैं। वहीं 89 ऐसे संक्रमित हैं जिनका यात्रा इतिहास मिला है। इनके सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही टेस्टिंग और भी बढ़ाई जा रही है। सक्रिय केस की संख्या सत्रह सौ के पार। लखनऊ में सक्रिय केस की संख्या अब 17 सौ के पार पहुंच गई है। शुक्रवार को नये मामले आने के बाद सक्रिय केस की संख्या बढ़कर 1718 हो गई है। वहीं शुक्रवार को 18 व्यक्तियों ने संक्रमण को मात देने में भी सफलता हासिल की। अस्पताल में भर्ती 13 मरीज। लखनऊ में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच राहत वाली बात यह है कि अभी भी अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कम ही है। शुक्रवार को अस्पतालों में 13 मरीज भर्ती थे। इसमें से चार मरीज केजीएमयू और नौ पीजीआई में थे। सीएमओ कार्यालय के अनुसार नये संक्रमितों से किसी की भर्ती होने पर शनिवार सुबह तक उसका ब्यौरा अपडेट किया जाएगा। विदेश– दूसरे राज्यों से यात्रा करके वापस लौटने वाले यात्रियों ने कोरोना का ग्राफ बढ़ाया है। हफ्ते भर में कोरोना मरीजों की तादाद बढ़ी है। इसमें 23 फीसदी से अधिक पॉजिटिव आए मरीजों की ट्रेवल हिस्ट्री मिली है। इससे स्वास्थ्य विभाग भी सर्तकता बरत रहा है। यात्रियों के संपर्क में आने वाले लोग भी संक्रण की चपेट में आ रहे हैं। लखनऊ में बीते सात दिनों में करीब 1628 कोरोना के मरीज मिले हैं। इनमें करीब 378 लोग यात्रा से लौटने के बाद संक्रमित पाए गए हैं। इनके संपर्क में आए करीब 297 लोग भी पॉजिटिव मिले हैं। अब तक 675 यात्री व उनके संपर्क में आने वालों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है। इसमें ज्यादातर यात्री दुबई, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, मुंबई व गुजरात से लौटे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की माने तो बीते सात दिनों में कोरोना का आंकड़ा बढ़ा है। इसमें 23.3 प्रतिशत मरीज की ट्रेवल हिस्ट्री मिली है। डाक्टरों का कहना है कि अगले दो हफ्ते संक्रमण के लिहाज से बेहद अहम हैं। प्रदेश में कोविड टीकाकरण 21 करोड़ पार, देश में लगातार अव्वल। कोविड से बचाव के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान में उत्तर प्रदेश ने 21 करोड़ टीकाकरण की संख्या पार कर ली है। इसके साथ ही यहां सैंपल की जांच भी 09 करोड़ 42 लाख के पार हो गई है। प्रदेश ने बीती 30 दिसंबर को ही 20 करोड़ डोज लगाने का कीर्तिमान बनाया था। इधर मात्र एक सप्ताह में एक करोड़ डोज और लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में टीकाकरण में उत्तर प्रदेश लगातार अव्वल चल रहा है। वहीं दूसरे स्थान पर 13.81 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है और पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 14 करोड़ 74 लाख लोगों को टीका लगाया जाना है। इनमें 13.25 करोड़ से अधिक (89 फीसदी) लोगों ने टीके की पहली डोज ले ली है। वहीं 07 करोड़ 74 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। इसी तरह 15 से 18 आयु वर्ग के 1.40 करोड़ में से 12.16 लाख लोगों ने बुधवार तक टीका कवर प्राप्त कर लिया था। किशोरों के टीकाकरण के लिए स्कूल–कॉलेजों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं।

# शासन द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का सभी को पालन करना होगा – प्रभारी निरीक्षक गोशाईगंज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के गोसाईगंज कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए तथा कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सभी जनमानस को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक घर से बाहर ना निकले यदि निकले तो मास्क धारण करके निकले यदि ऐसा करते हुए नहीं पाया जाता है तो उसके विरुद्ध महामारी अधिनियम के तहत विविध कार्यवाही की जाएगी पहली बार बिना मास्क के पाए जाने पर ध्100 का चालान किया जाएगा यदि उसे दुबारा बगैर मास्क के पाया जाता है तो उसके खिलाफ महामारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर सजा दिलाई जाएगी जिससे भविष्य में ना तो वह वक्त सरकारी नौकरी के काबिल रहेगा और ना ही उसे किसी व्यापार करने के लिए चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापित किया जाएगा सभी व्यक्ति अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए मास्क को धारण करके ही जरूरी काम करने के लिए घर से बाहर निकले। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए शराब व्यवसायियों को भी निर्देशित किया गया है कि शराब व्यवसायियों को उनकी दुकान चलाने का लाइसेंस सरकार के द्वारा दिया गया है ना



कि उन्हें दुकान के आस पास बैठा कर पिलाने का लाइसेंस दिया गया है ऐसे में अगर किसी शराब की दुकान के पास कोई व्यक्ति अंडे की दुकान या चने की दुकान लगा कर के दारू पिलाते हुए पाया जाता है तो दुकान की लाइसेंस रद्द करने के लिए जिला अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी जिससे उसके दुकान का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा इसी संबंध में शस्त्र लाइसेंस धारियों को भी विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्देशित किया गया है कि गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिक बंधु अपनी लाइसेंसी बंदूक रिवाल्वर पिस्टल थाने में या दुकान पर जमा कर दें यदि वह ऐसा नहीं करते हैं तो यह समझा जाएगा कि वह चुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं ऐसी दशा में उनके खिलाफ विविध कार्यवाही करते हुए 107/16 की कार्यवाही करते हुए उनके शस्त्र के निलंबन की रिपोर्ट जिला अधिकारी महोदय को प्रेषित की जाएगी जिससे उनके शस्त्र का लाइसेंस निरस्त हो सकता है इसलिए सभी लोग शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करें तथा सरकार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा है कि मतदान आपका अधिकार है सभी मतदाता गण लोग अपने मतदान का प्रयोग जरूर से जरूर करें ।

# शरद शुक्ला बनाये जा सकते हैं अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में कांग्रेस पार्टी में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं।हाईकमान द्वारा दावेदारों का फीडबैक लिया जा रहा है और उसी आधार पर प्रत्याशियों के नाम पर अंतिम मोहर लगाई जाएगी। अबकी बार पार्टी ने तय किया है कि जिस दावेदार का जनता से जितना अधिक जुड़ाव होगा, उसी के नाम पर अंतिम मोहर लगाई जाएगी।अर्श से फर्श पर पहुंची कांग्रेस को दोबारा यूपी की राजनीति में मुख्यधारा में लाने के लिए यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी के नेतृत्व में पार्टी के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव है। पार्टी ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। दावेदार अपनी–अपनी विधानसभा में सघन जनसंपर्क का दौर जारी कर चुके हैं।उधर, पार्टी सूत्रों की मानें तो अबकी बार प्रियंका गांधी ने प्रत्याशियों की दावेदारी के पैरामीटर तय कर दिए हैं। इसमें सबसे पहले यह देखा जाएगा कि विधानसभा में कौन प्रत्याशी जिताऊ है। कौन कितने वोट अपने पक्ष में मोड़ सकता है। कोरोना काल हो या अन्य कोई कारण किसने जनता के लिए कितना संघर्ष किया है। हालांकि, पार्टी में जातिगत समीकरणों को महत्व नहीं दिया जाता, लेकिन फिर भी देखा जाएगा कि दावेदार के पक्ष में कौन– कौन से वर्ग का वोट बैंक है।विधानसभा क्षेत्र अयोध्या में ब्राह्मण प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी द्वारा दांव लगाया जा सकता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में हमेशा रहे हैं। हालांकि पिछले कई विधानसभा चुनाव से यहां पार्टी के वोट प्रतिशत में कमी होना पार्टी की चिंता का विषय है। इस बार प्रयास है कि ऐसा प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा जाए, जो वोट प्रतिशत बढ़ा सके। पार्टी की नजर यहां पर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने पर है। ऐसे में शरद शुक्ला कांग्रेस पार्टी द्वारा उम्मीद बनाए जा सकते हैं क्योंकि उन्होंने पार्टी मानक के हिसाब से लगातार क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। चाहे करोना रहा हो या कोई अन्य मौका क्षेत्र में उपस्थिति सदैव दर्ज कराते रहे हैं। साथ ही साथ बहुत ही कम उम्र में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भी रह चुके हैं। तथा जनपद के साथ–साथ प्रदेश कांग्रेस संगठन में भी अपनी अच्छी दखल रखते हैं इसलिए उनकी दावेदारी को इस बार ज्यादा मजबूत माना जा रहा है। वहीं अगर इसबार उनको पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाया जाता है तो रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है और भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, तथा कांग्रेस में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। वहीं पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा के बीच जब फोन के माध्यम से कांग्रेस नेता शरद शुक्ला से बात करने की गई तो उन्होंने बताया हम कांग्रेस पार्टी और पार्टी प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी के निर्देशों को मानने वाले लोग हैं उन्होंने बताया कि राजनीति में हमारे आदर्श और हमारे राजनीतिक गुरु कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा अयोध्या के पूर्व सांसद श्री निर्मल खत्री जी है उनके आदेशों और निर्देशों को मानते हुए ही हमारी पहली प्राथमिकता जन–जन तक कांग्रेस पार्टी की नीतियों तथा प्रियंका जी के संदेश को जन–जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि चाहे बेरोजगारी का मुद्दा हो या अयोध्या में व्याप्त भ्रष्टाचार का या कमरतोड़ महंगाई का हमने हमेशा जनता के हितों के लिए लड़ने का काम किया है। इस बीच हमारे ऊपर कई बार मुकदमे लगे कई बार जेल जाना पड़ा लेकिन हम जनता के हितों के लिए सदैव लड़ते रहे हैं और लड़ते रहेंगे। उन्होंने बताया की कोरोना के समय में जब सत्ताधारी दल के विधायक और नेतागण कोरोना का बहाना बनाकर होम आइसोलेशन में बैठे थे । उस समय हम अपने सहयोगियों के साथ जनता के बीच उनकी हर मदद के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे थे ऑक्सीजन और हॉस्पिटल की व्यवस्था में लगे हुए थे। उन्होंने बताया कि पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने और जनता के हितों को सर्वोपरि रखना ही हमारा पहला कर्तव्य है तथा हम पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं पार्टी ने अभी तक जो भी जिम्मेदारी दी है उसे पूरी तरह से निभाने का प्रयास किया है और आगे पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारियां दी जाएंगी उसे सहर्ष स्वीकार किया जाएगा। अगर पार्टी द्वारा मौका दिया जाता है तो निश्चित ही अयोध्या विधानसभा में पार्टी का परचम लहराने का काम करेंगे।

# शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा ददेरा का इण्टर कॉलेज – वेद गुप्ता

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)विद्यालय राष्ट्र का अभिन्न अंग है, राष्ट्र की आध्यात्मिक शक्ति को दृढ़ बनाना, उसकी ऐतिहासिकता को बनाये रखना उसकी भूतकाल की सफलताओं को सुरक्षित रखने के साथ–साथ भविष्य का निर्माण करना जिसका विशेष कार्य है।विद्यालय में ही हमारे पीढ़ीयों को उसकी क्षमता एवं बुद्धि के अनुसार निश्चित विधि से सुप्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा समाज, विज्ञान, कला, कौशल, धर्म, नैतिकता और दर्शन आदि का मिलता है। उक्त उद्‌गार अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने राजकीय इण्टर कॉलेज, ददेरा के लोकापर्ण समारोह में व्यक्त किया।नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्ता परक शिक्षा उपलब्ध करानें के लिए ददेरा में एक वर्ष के अन्दर ही राजकीय इण्टर कालेज बनकर तैयार हो गया, जिसमें नये सत्र से क्षेत्र की बालक बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र के बालक बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए शहर में आना पड़ता था, जो अधिकांश अभिभावकों के लिए वित्तीय बोझ बनता था। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने ददेरा में राजकीय निधि से कक्षा 06 से लेकर इण्टर तक के पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए राजकीय इण्टर कॉलेज की स्थापना कराई। अब आस–पास के बालक–बालिकाएं आसानी से शैक्षिक माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। स्थानीय विधायक का प्रयास व आस–पास के ग्रामीणों का सहयोग समय से पहले इण्टर कॉलेज को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।राजकीय इण्टर कॉलेज का निर्माण कार्य में कुल 02 करोड़ 77 लाख 24 हजार की लागत से हुआ। विद्यालय में शिक्षण कक्ष के साथ–साथ पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष, बाउण्ड्री, खेलकूद का मैदान के साथ–साथ जनसुलभ सुविधाओं का निर्माण हुआ है। जिससे छात्र–छात्राओं को एक ही परिसर में शिक्षण एवं शिक्षैत्तर सुविधाएं मिल सके और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सके। विधायक वेद गुप्ता का मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अयोध्या को लेकर समग्र विकास की सोच एवं शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापरक कार्य हो, इसी उद्देश्य के कारण समयबद्ध निर्माण व विकास सम्भव हो सका।उद्‌घाटन समारोह में मण्डल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, क्षेत्रीय महामंत्री हरिभजन गोंड, पूर्व प्रधान अशोक गुप्ता, लक्ष्मण वर्मा, हरिबक्श कोरी, अरविन्द पाण्डेय, रामसुभावन वर्मा, विनोद श्रीवास्तव, उमेश कोरी, सुधाकर सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

# उत्तर प्रदेश के कई शहरों में हिल स्टेशन जैसी बनी है स्थिति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)यूपी के कई शहरों में पहाड़ों जैसी ठंड पड़ रही है।सूत्र के मुताबिक कानपुर में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री और मेरठ में 5.8 डिग्री दर्ज हुआ है।अयोध्या,जौनपुर, गाजीपुर सहित कई शहरों में आज भी बारिश हो रही है।मौसम विभाग ने 10 जनवरी तक ऑरेंज अलर्ट जारी कर रखा है। लखनऊ में गुरुवार रात भर हुई बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है।हालांकि, सुबह राजधानी और आस पास के कुछ जिलों में आसमान साफ होने से लोगों को राहत मिली। कानपुर में गुरुवार से शुक्रवार सुबह तक हुई बारिश करीब 16 मिली दर्ज की गई।कुछ इलाकों में ओले भी गिरे।मौसम विभाग ने बारिश के साथ ही पूर्वी यूपी में सुबह के समय घना कोहरा होने की भी चेतावनी जारी की है। वहीं, पूर्वी न्च में ओले भी पड़ सकते हैं।मौसम विभाग ने आज प्रदेश भर में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश की चेतावनी जारी की थी।पश्चिमी विक्षोभ के चलते अफगानिस्तान–पाकिस्तान से होकर जम्मू–कश्मीर से होते हुए हवाएं अब प्रदेश भर में बारिश का कारण बन रही हैं। कानपुर और आसपास के जिलों में बारिश के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। गुरुवार तड़के शुरू हुई बारिश शुक्रवार सुबह भी जारी है। ग्रामीण क्षेत्र के कई इलाकों में ओलावृष्टि भी देर रात हुई।वहीं जनवरी में हुई बारिश ने बीते 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।अगले 2 दिनों तक बारिश होने के पूरे आसार बने हुए हैं बारिश के कारण लखनऊ के वायु गुणवत्ता सूचकांक में भी गिरावट हुई है।गुरुवार की सुबह राजधानी का एक्यूआइ 261 पर दर्ज किया गया है।

# अयोध्या से चुनाव लड़ सकते हैं योगी आदित्यनाथ : रामनगरी में टीम सक्रिय

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव लड़ने की मंशा जताई तो उनके लिए प्रदेश में प्रभावशाली सीट कौन सी होगी? इस पर लगातार छह माह से संगठन में मंथन के बाद अब अयोध्या पर आकर तलाश पूरी होती दिख रही है।इसी के साथ अब यहां मुख्यमंत्री और संगठन दोनों की टीमें सक्रिय भी हो गई हैं।अभी कार्यकर्ताओं के मन की थाह लेने सीएम के सलाहकार संजीव सिंह बैठक कर रहे हैं, तो अयोध्या विधायक के बाद जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष भी लखनऊ जाकर सीएम को न्योता दे चुके हैं। चुनाव कार्यालय की तलाश और वोटर लिस्ट को अपडेट करने में खास लोगों की भूमिका साफ संकेत दे रही है कि योगी गोरखपुर या कहीं अन्य सीट से ज्यादा श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं।गोरखपुर सीट को लेकर भी चर्चा रही, लेकिन समर्थक कहते हैं कि इस सीट पर डॉ. अग्रवाल को हटाकर योगी आदित्यनाथ खुद प्रत्याशी नहीं बनना चाहते हैं। इसके बाद गोरखपुर के लोग पिपराइच सीट को विकल्प मानते हैं, लेकिन अब संगठन में सीएम के लिए अयोध्या ज्यादा प्रभावकारी मानी जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह कहते हैं कि वे और महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मिल आए हैं।एक सप्ताह में पूरी स्थिति साफ हो जाएगी। अयोध्या सीट से भाजपा विधायक वेदप्रकाश गुप्त कहते हैं कि वे तो छह माह पहले ही उनसे मिलकर बाकायदा लिखित आग्रह कर चुके हैं कि 500 साल के अभिशाप से मुक्त हुई अयोध्या को योगी जैसा महानायक ही चाहिए।योगी आदित्यनाथ अयोध्या आंदोलन के दौरान भी अपने गुरु महंत अवैद्यनाथ के साथ यहां आते रहे थे। उनके ओजस्वी भाषण से अवध और पूर्वांचल के युवा खूब जुड़ते रहे हैं।सूत्र के मुताबिक मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्य नाथ 32 से अधिक बार राम नगरी अयोध्या आ चुके हैं।

## खब्बू तिवारी के साथ हो रहे दोहरे व्यवहार के कारण भाजपा का एक बड़ा वोट बैंक भाजपा से दूर जाता प्रतीत हो रहा – राजन पाण्डेय

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के चर्चित समाजसेवी राजन पांडे ने कहा कि अयोध्या जिले के गोसाईगंज विधानसभा से अपना दल के विधायक खब्बू तिवारी को जिस तरह से षड्यंत्र के तहत पद से अपदस्थ किया गया है यह बहुत निंदनीय और गलत है।क्योंकि अदालत द्वारा दोहरा चरित्र अपनाया गया है मैं इस बात को समझ सकता हूं क्योंकि जब मेरे ऊपर हमला हुआ था जिसमें मुझे 11 गोलियां लगी थी उस मामले में अदालत द्वारा इसी तरह मुझे भरोसे में लेकर अपराधियों को अधिकतम सजा 4 साल दी गई जबकि ऐसे मामलों में न्यूनतम सजा 7 वर्ष होती है इस तरह कोर्ट का यह अपमान हुआ तथा न्यायाधीश के पूर्वाग्रह प्रतीत होता है।इस मौके पर समाजसेवी राजन ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में इतनी जल्दी किसी विधायक की विधानसभा सदस्यता नहीं रद्द की गई जहां अनेक मामलों में दो–दो साल तक सदस्यता बरकरार रहती है राजन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि आप परिवार के मुखिया हो परिवार में सभी को बराबर का दर्जा दिया जाना चाहिए कोई अपना या पराया नहीं होता है सभी जाति का समान नजर से देखा जाना चाहिए।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को अवगत कराया है कि इंन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी के साथ न्याय नहीं होता है तो फैजाबाद सहित आसपास के कई जिलों में भारतीय जनता पार्टी को इतना बड़ा नुकसान होगा जिसकी उसे कल्पना नहीं होगी।राजन ने आगे कहा कि उन्होंने अयोध्या जनपद



में घूम कर तथा विभिन्न जगहों पर बैठक करके यह आकलन कर लिया है की खब्बू तिवारी के साथ हो रहे दोहरे व्यवहार के कारण भाजपा का एक बड़ा वोट बैंक भाजपा से दूर जाता प्रतीत हो रहा है इसलिए मेरा निवेदन है कि खब्बू तिवारी और उनके परिवार के साथ न्याय किया जाए। समाजसेवी राजन ने आगे कहा कि जिस प्रकार राम मंदिर के मुद्दे पर अदालत द्वारा फैसला सुनाया गया लेकिन उसका पूरा श्रेय भाजपा सरकार ने लिया जी हमारी सरकार के कहने पर ही अदालत ने यह निर्णय सुनाया उसी प्रकार खब्बू तिवारी के मामले में भी भाजपा सरकार को बढ़–चढ़कर उनके हक की लड़ाई लड़ना चाहिए।समाजसेवी राजन के कुमारगंज स्थित आवास पर हुई बैठक में राजन ने कहा यदि बड़े भाई खब्बू तिवारी के साथ न्याय नहीं हुआ तो अयोध्या जिले में एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा इस बैठक में जनपद के लगभग सैकड़ों सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## सपा सरकार बनने पर अयोध्या नगर निगम में कोई भी टैक्स अब मठ मंदिर एवं आमजन का नहीं लगेगा–सपा पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। सपा के पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने प्रेसवार्ता कर भाजपा का जमकर हमला बोला है। कहा है कि गत 5 वर्षों में भाजपा ने केवल जुमला और झूठ बोला है। जनता को ठगने और छलने का काम किया है। जनहित का कोई काम नहीं किया है। अयोध्या को गड्ढे और कीचड़ में तब्दील कर दिया है। जितना भी यहां पर विकास हुआ है। वह सब सपा की देन है। उन्होंने कहा कि भाजपा जाने वाली हैं। सपा की सरकार आने वाली है। सपा सरकार बनने पर अयोध्या नगर निगम में कोई भी टैक्स अब मठ मंदिर व आमजन का नहीं लगेगा। किसानों को सिंचाई में बिजली मुफ्त मिलेगा। 300 यूनिट बिजली मिलेगी फ्री। गरीबों को मिट्टी का तेल और चीनी प्रदान किया जाएगा। सब छात्रों को लैपटॉप दिया जाएगा। जितना भी सपा घोषणा करती है। वह सब करती हैं। भाजपा ने छात्रों को छला व ठगा है। कहा था लैपटॉप देने को व फ्री इंटरनेट देने को लेकिन दिया कुछ भी नहीं। सपा प्रतयाशी पवन पांडे ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 5 साल जनता ठगी और छली गई है। ना तो यहां कोई विकास हुआ और ना ही शिक्षा और स्वास्थ्य में ही कुछ सुधार हुआ। भाजपा केवल बहकावे



और छलावे से सरकार चलाती रही। अब जनता सपा के साथ है। सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार 2022 में बनने जा रही हैं। और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। सपा नेता पवन पांडे ने कहा कि अयोध्या जनपद की पांचों विधानसभा पर सपा के प्रत्याशी विजई होंगे। समाजवादी पार्टी विकास और सर्वजन की पार्टी है, जो सभी वर्गो व धर्मों को लेकर साथ चलती है। आने वाला समय अब सपा का है। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव प्रवक्ता बलराम यादव नगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व मोहम्मद मीशम भाई आदि उपस्थित रहे।

## विधान सभा के आक्रोशित लोगों ने गांव के बाहर लगाया रोड नही तो वोट नहीं होर्डिंग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के रुदौली विधानसभा में चारो तरफ सड़क की दुर्दशा को लेकर परेशान वोटरों ने विरोध करने का अजीबोगरीब तरीका अपनाया।इन नेताओ से तंग आकर इलाकाई लोगों ने गांव के बाहर रोड नही तो वोट नहीं की



होर्डिंग लगाया।इस संबंध में जब क्षेत्रीय लोगों से जब मीडिया ने बातचीत की तो पता चला इस बार वोटर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को गांव में घुसने नही देंगे पूरी तरह से वोट का बहिष्कार करेगे।इस मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि जगह जगह हर एक सड़कें पूरी तरह से जर्जर है। सड़कों पर इतने बड़े बड़े गड्ढे है कि लोगों का चलना दुर्लभ हो गया है लोग गिरकर चोटिल हो जा रहे है और जिम्मेदार कुर्सी पर बैठे लोग कहते है चारो तरफ विकास किया गया। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा को इसलिए हम लोगों ने वोट दिया था कि जर्जर सड़कों से उन्हें निजात मिलेगी लेकिन हुआ उल्टा समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है पहले से और भी ज्यादा सड़कें खराब हो गई उसकी मरम्मत तक नही कराई गई। यहां तक लोग हाल खबर तक लेने नही आये अब जब उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव आ रहा है तो लोगों को लुभाने का सिलसिला शुरू हो गया है।

## 16 वर्ष का वनवास खत्म : आज ट्रेन शुरू होने पर अयोध्या जाएंगे दयालपुरवासी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)हमारे प्रयागराज सूत्र के मुताबिक भगवान श्री राम 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रयागराज होते हुए ही अयोध्या वापस गए थे। अब उनके भक्तों का भी वनवास खत्म हुआ है। 16 वर्षों तक अयोध्या जाने के लिए ट्रेन का इंतजार करने वाले ग्रामीणों की प्रतीक्षा समाप्त हुई।8 जनवरी को सुबह 7:31 बजे पहली ट्रेन दयालपुर हाल्ट पर रुकेगी जो यहां के लोगों को अयोध्या ले जाएगी। वापसी में यह ट्रेन रात 10:04 बजे दयालपुर में रुकेगी।आमदनी कम होने के कारण दिसंबर 2005 में दयालपुर हाल्ट को बंद कर दिया गया था। 15 गांव के 30 हजार से अधिक लोगों के लिए यहां रुकने वाली ट्रेन लाइफलाइन हुआ करती थी। ट्रेनों का संचालन बंद हुआ तो लोगों ने आंदोलन शुरू किया और वापस स्टेशन को शुरू कराने की मांग करने लगे। लेकिन आश्वासन की घुट्टी पीकर दयालपुर स्टेशन बूढ़ा होता गया। इसकी बिल्डिंग जर्जर हो गई। दरवाजे खिड़कियां टूट कर खंडहर हो गए । बस जिंदा थी तो की उम्मीद कि एक दिन रेलवे स्टेशन फिर से शुरू होगा।आसपास के गांव से लोगों ने भाग दौड़ शुरू की और दिल्ली तक गुहार लगाई। जनप्रतिनिधि और रेलवे अधिकारी भी आश्वासन देते रहे। दैनिक जागरण ने इस रेलवे स्टेशन की बहाली के लिए 24 जुलाई 2021 से अभियान शुरू किया । उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक से लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तक ग्रामीणों की आवाज पहुंचाई। फूलपुर की सांसद केसरी देवी पटेल ने अलग–अलग मंचों से लेकर मंत्रालय तक इस स्टेशन को शुरू कराने के लिए जोर लगाया जिसके बाद प्रयागराज में रेल मंत्री के दौरे के दौरान उन्होंने इस स्टेशन को शुरू करने का आदेश दिया था जिसके क्रम में 8 जनवरी से यहां ट्रेनें रुकेगी। दयालपुर रेलवे स्टेशन शुरुआती दिनों में केवल कुंभ मेले के दौरान ही अस्तित्व में आता था और अस्थाई तौर पर इसका निर्माण किया जाता था। कुंभ खत्म होते ही स्टेशन को तोड़ दिया जाता था । 1954 में पंडित जवाहरलाल नेहरू के संसदीय क्षेत्र फूलपुर के दयालपुर गांव में स्टेशन बनाने की घोषणा हुई। लाल बहादुर शास्त्री के आदेश पर मंत्रालय से मुहर लगते ही 6 महीने के अंदर रेलवे स्टेशन अस्तित्व में आ गया। यहां 1961 से ट्रेनें रुकने लगी थी। इस स्टेशन से ही यहां आस–पास के दो दर्जन गांव के लोग सफर करते थे यहीं से प्रयागराज जाना हो या अयोध्या की ओर एक मात्र रेलवे स्टेशन ही साधन हुआ करता था। सात व 29 दिसंबर 2005 में कम आमदनी के कारण पत्र जारी कर इस स्टेशन को बंद किया गया था।रेलवे स्टेशन शुरू कराने में आस पास के गांवों के हजारों लोगों की आवाज रही। उनके प्रतिनिधि के रूप में राजनाथ पटेल, सुखदेव पटेल, अंतरार्ष्टीय एथलीट इंद्रजीत पटेल, मो. रफीक, राजकुमार पटेल, शिक्षक अमरनाथ, कल्लू राम पटेल, राजकुमार द्विवेदी, जगदीश प्रसाद, शुक्ला, सतीश कुमार पांडे, संतलाल एडवोकेट, विरेंद्र तिवारी, पुनीत यादव, रवि भूषण यादव, रामबाबू यादव, समरजीत पटेल, राज बहादुर मौर्य, जंग बहादुर मौर्य, रामराज प्रधान, सुनील कुमार यादव, खूंटी प्रधान, जंगी पटेल, कमलेश नारायण दुबे आदि लोगों ने स्टेशन शुरू कराने के लिए मंत्रालय से लेकर बोर्ड तक अपनी आवाज बुलंद की।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।